यह आर्थिक समानता की ओर ले जाएगा। आज देश में हमारी सरकार है। देश में ऐसी सरकार थी, जो कहती थी कि देश की परिसंपत्तियों पर अल्पसंख्यकों का ही स्वामित्व है, उन्हीं की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। आज हमारे देश में मोदी जी के नेतृत्व में सरकार है। वह कहती है कि देश की जो परिसंपत्तियां हैं, उन पर अगर सबसे पहला अधिकार गांवों में रहने वाले गरीबों, किसानों, महिलाओं और बहनों का है। आज हमारी सरकार की यह प्राथमिकता है, यह नीयत है। यह सरकार का कम्पलशन है। देश वर्ष 1947 में आजाद हुआ और वर्ष 1952 से चुनाव शुरू हुआ और वर्ष 1952 से सरकारें बनती रहीं, लेकिन करोड़ों लोग ऐसे थे, जिन्होंने बैंक के दरवाजे नहीं देखे थे। उनके हाथों में बैंक की पासबुक नहीं थी। आदरणीय मोदी जी ने 'जन-धन योजना' की बात की है। हर व्यक्ति का बैंकों में खाता खुले। पहले पांच सौ रुपये से कम में खाता नहीं खुल सकता था, जीरो बैलेंस पर कभी खाता नहीं खुल सकता था। आजादी के बाद देश में मोदी जी की पहली सरकार आई तो मोदी जी ने कहा कि हम देश में सभी लोगों का खाता खोलेंगे, चाहे हमें वह जीरो बैलेंस पर ही खोलना पड़े। जिनके पास एक भी पैसा नहीं होगा, तब भी उनके पास बैंक की पासबुक होगी। इस बात का एहसास तब हुआ, जब मोदी जी सरकार में आए। चाहे वह छत्तीसगढ़, ओडिशा या कालाहांडी हो, उन गांवों में रहने वाले ऐसे लोग भी हैं, जो पांच सौ रुपये से अपना बैंक की खाता नहीं खोल सकते हैं। आज उससे फाइनैंशियल इंक्लूजन हुआ है। बैंकों में केवल उनका खाता नहीं खुला है, बल्कि उनका वित्तीय समावेषण हुआ है। उनके पास भी एक अधिकार के रूप में बैंक की पासबुक है। अभी निर्मला सीतारमण जी ने कहा है कि हमारी एक योजना आई है, जिसके तहत सेल्फ हेल्प ग्रुप्स की महिलाओं को पांच हजार रुपये ओवर ड्राफ्ट की सुविधा मिलेगी। जीरो बैलेंस पर खाता खुला हो और उस 'जन-धन' खाते के माध्यम से गांव की गरीब महिला आवश्यकतानुसार पांच हजार रुपये ओवर ड्राफ्ट की

सुविधा ले सकेगी। वित्त राज्य मंत्री जी ने जवाब देते हुए कहा है कि एक लाख करोड़ रुपये जन-धन के खाते में आए हैं।

1658 बजे (श्री राजेन्द्र अग्रवाल पीठासीन हुए)

जब हम आर्थिक समानता की बात करते हैं तो हम निश्चित तौर से उस दिशा में बढ़ रहे हैं। हमें कम्पलसरी वोटिंग के लिए और वोटर्स के फैसिलिटेशन के लिए अवेयरनेस का काम करना चाहिए। इसके लिए चुनाव आयोग है, राष्ट्रीय मतदाता दिवस है कि किस तरह से अवेयरनेस बढ़ाया जाए। मतदाता उदासीन रहते हैं, हमें उनको प्रोत्साहित करना है। मोदी जी जब मुख्य मंत्री थे, तो गुजरात में पहली बार दिसम्बर, 2009 में कम्पलसरी वोटिंग का एक विधेयक पारित हुआ था, लेकिन गवर्नर साहब ने उस पर एसेंट नहीं दिया। ऐसा करने वाला गुजरात पहला राज्य था। उसके बाद देश में एक भूचाल-सा आ गया था। पूरे देश में कम्पलसरी वोटिंग पर चर्चा शुरू हो गई। उसमें Gujarat played a very vital role और एक लीड लिया। वहां पर लोकल बॉडीज के लिए विधान सभा में विधेयक पारित हुआ, उसे भी हाई कोर्ट ने स्टे कर दिया, लेकिन यह कम्पलसरी वोटिंग के लिए पहल थी।

चुनाव आयोग ने 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस घोषित किया है।...(व्यवधान) मैं अपनी बात समाप्त करूंगा, रूडी जी आप बोल कर जाइए। मैं इसी के साथ अपनी वाणी को विराम देता हूं और जनार्दन सीग्रीवाल जी का समर्थन करता हूं।

(इति)

(1700/IND/RP)

1700 बजे

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): सभापति जी, 'अनिवार्य मतदान' विषय अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है और लोकतंत्र से जुड़ा हुआ है। जगदम्बिका जी ने सही कहा है कि सिक्स्थ सैंचुरी बीसी में एथेंस में पहली बार लगभग 2500 वर्ष पहले वोटिंग की व्यवस्था कायम की गई थी। भारत में वैशाली, जो संयोग से हमारे प्रदेश में है और माननीय रवि शंकर जी बैठे हैं, इनका प्रदेश है और जो पहले लोकतंत्र की हम चर्चा करते हैं, वह हमारे क्षेत्र से लगा है। वैशाली, हाजीपुर, छपरा इसके साथ जुड़ा है। हमें गर्व है कि वहां भी 2400 वर्ष पहले यह व्यवस्था शुरू हुई। इन सभी विषयों पर इतिहास के पन्नों में देखा गया है कि सबसे पहले दुनिया में कहीं इलेक्टोरल कालेज की स्थापना हुई, तो सबसे पहले अमरीका में वर्ष 1788 में हुई। उस समय 1789 में जॉर्ज वाशिंगटन वहां के पहले राष्ट्रपति बने। उस समय राज्यों का वोट्स होता था और वह भी प्रक्रिया थी कि एक राज्य का अपना वोट होगा और यदि बहुमत की 40 सीटें हैं, तो जिसे 21 सीटें मिलेंगी, उसे 40 का वोट मिलता है और वह प्रक्रिया आज भी है। उस समय तक महिलाओं को यूएस में भी वोट देने का अधिकार नहीं था। वह उस समय भी बहुत डेवलप्ड स्टेट था। एथेंस में भी देखा गया था कि जिसके पास जमीन या सम्पत्ति होगी, उसे ही वोट देने का अधिकार था, लेकिन समय के साथ इसमें बड़ा परिवर्तन हुआ। वर्ष 1920 तक वह स्थिति बनी रही थी। भारत के इतिहास में भी देखें, 2500 वर्ष पहले पाला डायनेस्टी थी, चोला एम्पायर था, उस समय भी चुनाव की प्रक्रिया थी, हालांकि वे सभी राजा थे। चुनाव की व्यवस्था बहुत छोटी हुआ करती थी। सबसे पहले अनिवार्य मतदान का विधेयक वर्ष 1893 में बेल्जियम में आया था। विकसित देश होते हुए भी वहां सिर्फ मर्दों के लिए मतदान का अधिकार था। यदि इतिहास को देखें, तो लोकतंत्र की शुरुआत मर्दों से ही की गई, यह सोचने के पीछे पता नहीं क्या कारण है। वर्ष 1948 के बाद बेल्जियम में महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला। उस समय कई तरह की पैनल्टीज लगाई जाती थीं। यदि चार बार से आपने मतदान नहीं किया तो आपको सरकारी नौकरी प्राप्त करने में व्यवधान होगा या कई तरह की सुविधाएं नहीं मिलेंगी। आस्ट्रेलिया में भी वर्ष 1924 तक कम्प्लसरी वोटिंग हुई, लेकिन उससे पहले क्वीन्सलैंड, विक्टोरिया, न्यू साउथ वेल्स आदि कई देशों ने कम्प्लसरी वोटिंग का रास्ता निकाला। उस समय भी था कि महिलाएं वोट नहीं दे सकती थीं, लेकिन धीरे-धीरे पूरे आस्ट्रेलिया में कम्प्लसरी वोटिंग की व्यवस्था की गई। वेनेजुएला में वर्ष 1953 तक कम्प्लसरी वोटिंग थी, उसके बाद उन्होंने डायल्युशन शुरू किया। नीदरलैंड्स में वर्ष 1967 तक कम्प्लसरी वोटिंग थी, उसका भी डायल्युशन शुरू किया। एक रिसर्च यह मानती है कि यदि अनिवार्य मतदान होगा, तो देश का विकास बहुत ज्यादा होगा, लेकिन एक दूसरी रिसर्च कहती है और खास कर इसका रेफरेंस अर्जेनटीना, ब्राजील, आस्ट्रेलिया, इक्वाडोर, पेरू, नार्थ कोरिया का है, यहां ऐसा महसूस किया कि कम्प्लसरी वोटिंग का प्रावधान होने के बाद भी विकास की दर में वृद्धि नहीं होती। यह स्थापित करना कि कम्प्लसरी वोटिंग से विकास दर बढ़ेगी, यह बहुत सारे अध्ययनों में तर्कसंगत नहीं पाया गया है। इंटर अमेरिकन बैंक, जिसकी चर्चा माननीय सदस्य कर रहे थे, उसने तर्क रखा था कि

विकास के लिए कम्प्लसरी वोटिंग होनी चाहिए, लेकिन जब आस्ट्रेलिया की रिसर्च हुई और उसने तय किया कि ये दोनों तर्कसंगत नहीं हैं, यह चर्चा बहुत दिनों तक चली। भारत में वोटिंग का सिलसिला, जैसे मार्ले मिन्टो रिफार्म्स वर्ष 1909 का है और उसी समय यह पहली बार देश में तय हुआ कि देश में मतदान की व्यवस्था हो, उस समय अंग्रेजों ने यह तय किया। उनकी व्यवस्था उनके शासन को चलाने के लिए थी और पहली बार भारत में भारतीयों की भागीदारी की व्यवस्था उसी समय से शुरू हुई। गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट वर्ष 1919-20 में आया। यह प्रक्रिया तब शुरू हुई और आज हम सदन में जिस स्थान पर खड़े हैं, पिछले 100 वर्षों में पार्लियामेंट का निर्माण शुरू हुआ।

(1705/PC/RCP)

वर्ष 1926 में देश के पहले इलेक्टोरल कॉलेज का भाषण इसी जगह किसी ने बैठकर दिया होगा। यह एक विषय है। हम इस सदन में बैठते हैं। वर्ष 1919 में, आज से 100 साल पहले …(व्यवधान)

श्री भर्तृहरि महताब (कटक) : यह दिल्ली असेंब्ली में हुआ था। …(व्यवधान)

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण) : Somewhere in Delhi it had happened, दिल्ली में कहीं इसकी डिबेट शुरू हई। यह सचमुच अपने आप में एक बड़ी व्यवस्था है। In 1926 it started coming. यह बड़ा इन्ट्रेस्टिंग विषय है। In 1926, this Parliament got opened and then debate started in this Parliament. Thank you, hon. Minister of Law and Justice. I was also right and you have corrected it further. Mr. Mahtab was also there to correct me. Possibly, this is the history. But there is a history. आप जिस स्थान पर बैठे हैं, 100 साल पहले भी आपने ऐसे ही किसी व्यक्ति के बारे में सुना होगा। जिस समय देश आज़ाद नहीं था और वह व्यक्ति वहां बैठा था।

यह इस सदन के लिए अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है। इसी प्रकार से टेबल ऑफिस होगा और इस सदन में सुरंग भी होगी। शायद माननीय सांसदों को यह नहीं पता है कि तब अंग्रेज़ों ने सदन में सुरंग भी बनाई थी, ताकि उन पर कभी आक्रमण हो जाए तो वे सुरंग से निकल सकें। …(व्यवधान)

श्री निहाल चन्द (गंगानगर) : यह सुरंग कहां बनी है? …(व्यवधान)

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण) : मैं सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह बात नहीं बता सकता हूं, लेकिन कई किताबों में लिखा हुआ है कि इस सदन में और अगले सदन में एक सुरंग भी है। अंग्रेजों को यह महसूस हुआ कि यह लोकतंत्र की एक बड़ी व्यवस्था है, जहां देश के प्रधान मंत्री बैठते हैं और देश के बहुत सारे लोग बैठकर बात करते हैं।

महोदय, उस समय 440 सदस्य चुनकर आए थे, जो कि प्रोवेंशियल असेंब्लीज़ के लोग थे। कभी भी हमारा संविधान बनाने वालों ने और महात्मा गांधी ने उस समय नॉन-कोऑपरेशन मूवमेंट में कहा था कि हम यह चुनाव नहीं स्वीकार करते हैं। इसके बाद यह विषय बढ़ता चला गया । चुनाव

आते-जाते रहे, आज हम लोग पूरे भारतवर्ष में चुनाव करते हैं। इस बार 67 प्रतिशत वोट हुआ है। 88 करोड़ वोट मतदाता हैं, 61 करोड़ मतदान करते हैं।

जैसा कि माननीय सांसद का प्रस्ताव है कि जो वोट न डाले उसको पीनलाइज़ कीजिए। मैं बताना चाहूंगा कि मैं 26-27 साल की उम्र में विधायक बन गया था। मैं तब से, पिछले 30 साल से चुनाव लड़ रहा हूं, बीच में हारता भी हूं और जीतता भी हूं। महोदय, अब लगभग रिटायरमेंट का समय है। 60 साल के आसपास आते-आते व्यक्ति रिटायर हो जाता है। सरकारी सेवा में तो व्यक्ति रिटायर कर ही जाता है, हम लोग तो सरवाइव कर रहे हैं।

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा) : आप 75 वालों को डरा रहे हैं? ...(व्यवधान)

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण) : महोदय, मैं डरा नहीं रहा हूं, यह सच्चाई है। ...(व्यवधान) एक सीमा के बाद तो रिटायर करना ही चाहिए। ...(व्यवधान) यह समय तो आता ही है। ...(व्यवधान) मैं वर्ष 1996 से इसी सदन में आकर बैठता हूं। ...(व्यवधान) मुझे यहां बैठने का मौका मिला, वहां बैठने का मौका मिला, विश्वास है कि मुझे आगे भी मौका मिलता रहेगा। मैं हमेशा कहता हूं कि मैं जिस क्षेत्र से चुनाव जीतकर आता हूं, लोकतंत्र में कम्पलसरी वोटिंग का जो भी विषय हो, लेकिन लोकतंत्र में इस बार का चुनाव देखने लायक था। वह संदर्भ मैं बाद में लेकर आऊंगा कि कम्पलसरी वोटिंग होनी चाहिए या नहीं होनी चाहिए। इस विषय को कोई क्लोज़ नहीं कर सकता है। इस पर मन्तव्य चलता रहेगा।

महोदय, यहां बहुत से लोग नहीं हैं। हमने चुनावों का काउंटरमांड सुना है। भर्तृहरि जी, चुनाव काउंटरमांड तब होते हैं, जब बाढ़ या भूकंप आ जाए, लेकिन देश के इतिहास में एक ही संसदीय क्षेत्र ऐसा है, जहां चुनाव काउंटरमांड हुए बिना वहां के 1200 के 1200 पोलिंग बूथों पर पूर्ण मतदान हुआ। बिहार में बीपीएससी के पेपर में यह प्रश्न आता है कि बताइए बिहार का कौन सा ऐसा संसदीय क्षेत्र है जहां काउंटरमांड हुए बिना पूरे 1200 पोलिंग बूथों पर पूर्ण मतदान हुआ। यह इतिहास रचने का मेरा सौभाग्य है, जो कि अच्छा सौभाग्य नहीं है। यह इसलिए नहीं रचा गया क्योंकि इस लोकतंत्र में उस समय मेरा चुनाव एक ऐसे व्यक्ति के खिलाफ हो रहा था जो दुनिया के सबसे बड़े, क्षमा कीजिए दुनिया नहीं, इसे थोड़ा नीचे ले आता हूं, बिहार के और देश के जाने-माने व्यक्ति थे, मैं पिछले 15-20 सालों से उनसे लड़ता रहा हूं। दुर्भाग्य से आज वे नहीं हैं ...(व्यवधान)

विधि और न्याय मंत्री; संचार मंत्री तथा इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद) : वे जेल में हैं। ...(व्यवधान)

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण) : मेरा यह कहना उचित नहीं होगा कि वे जेल में हैं। ...(व्यवधान) वे चुनाव की प्रक्रिया से बाधित हैं। वर्ष 2004 में जब चुनाव हुआ, तो 1200 बूथों में वर्च्युअली कम्पलसरी पोलिंग हो गई थी। सर, 1200 में से 1100 बूथों पर 99.9 परसेंट पोलिंग हुई थी। यह था भारत का लोकतंत्र, जिसकी हम चर्चा कर रहे हैं। हम भी इसके भागीदार और पापी हैं, जितना वे भी थे। चुनाव आयोग ने कहा कि हमने ऐसा चुनाव देखा ही नहीं ...(व्यवधान)

श्री भर्तृहरि महताब (कटक): सिग्रीवाल जी वही चुनाव चाहते हैं। ...(व्यवधान)

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण) : ऐसा चुनाव देखा ही नहीं, जिसमें 1200 में 1100 बूथों पर 99 परसेंट पोलिंग हुई हो, ऐसा देश में नहीं हुआ। …(व्यवधान) इसलिए चुनाव आयोग ने तय किया कि आप चार महीने में चुनाव कराइए। …(व्यवधान)

(1710/KDS/SMN)

उस समय मैं सरकार में मंत्री था। हमारे खिलाफ जीतने वाले व्यक्ति दो स्थानों, मधेपुरा और छपरा से जीते। बाद में उन्होंने मधेपुरा छोड़ दिया और छपरा से चुनाव जीत गए। मैं उनका नाम नहीं लेना चाहता हूं। आज उनकी पार्टी का एक भी सदस्य इस सदन में नहीं है। उस समय मैं संघर्ष करता रहा। पश्चिम बंगाल में जो आज हम देख रहे हैं, वह दृश्य हमने बिहार में आज से लगभग 15-20 साल पहले वर्ष 2004 के चुनाव में देख लिया था और बड़ी लड़ाई लड़कर आज हम दोबारा वहां पर हैं और चुनाव जीते हैं। 100 फीसदी वोट कराना खतरनाक हो सकता है, क्योंकि जब यह तय हो जाएगा कि 100 फीसदी मतदान होगा तो भारत में शायद अभी हम उसके लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। वर्ष 1952 में जब चुनाव हुए तो उस समय के मतदाता 17 करोड़ के आसपास थे और उस समय प्रत्येक वोट पर 60 पैसे खर्च होते थे। मैं यह नहीं कह रहा कि आज हमारी सरकार के पास पैसे नहीं हैं। वर्ष 1984 में जब आबादी 40 करोड़ हुई, तब 2 रुपये खर्च होते थे, वर्ष 1996 में 10 रुपये खर्च होते थे, वर्ष 2009 में वह बढ़कर 15 रुपये हो गए और इस बार वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में यह बढ़कर 60 रुपये तक पहुंच गया है।

सभापति महोदय, किसी भी व्यवस्था में आज लगभग 4 हजार करोड़ रुपये एक चुनाव में खर्च होते हैं। प्लस, माइनस का हिसाब जोड़ा जा सकता है। कम्पल्सरी वोटिंग कराने में पैसे के खर्च की बात महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन क्या यह व्यवस्था हम कायम कर सकते हैं? वर्ष 1947 में हमें आजादी मिली। इसी में डिबेट हुआ और हम लोगों ने संविधान बनाया। इसी चेयर पर डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद जी बैठे थे, जो बिहार से हैं। हमारा सौभाग्य है कि हम छपरा से हैं, सीग्रीवाल साहब भी वहीं से हैं और इनका ही बिल है। हमें गर्व है कि स्वर्गीय डा. राजेन्द्र प्रसाद जी हमारी धरती से हैं। श्री जय प्रकाश नारायण जी सारण की धरती से हैं। नटवरलाल जी नहीं भाई, गलत बात कर रहे हैं। यह हमारे लिए बहुत सौभाग्य का विषय है।

विधि और न्याय मंत्री; संचार मंत्री तथा इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद): सर, वह जमीन बहुत उर्वरक रही है। राजेन्द्र बाबू, जय प्रकाश जी, रूडी जी, सीग्रीवाल जी। यह परम्परा बड़ी जोरदार है।

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): फिर से बोलिए, ठीक से रिकॉर्ड नहीं हो पाया है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अश्विनी कुमार चौबे): यह बड़ा सौभाग्य है हुजूर कि आप राजेन्द्र बाबू के नाम पर वहां बैठे हुए हैं। यहां दो-दो राजेन्द्र जी हो गए हैं।

माननीय सभापति (श्री राजेन्द्र अग्रवाल): धन्यवाद।

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): मैं दोबारा विषय पर आता हूं।

श्री भर्तृहरि महताब (कटक): एक करेक्शन है। राजेन्द्र बाबू जहां प्रेसाइड करते थे, वह सेंट्रल हॉल था।

माननीय सभापति: संविधान सभा के अध्यक्ष के नाते वहां चेयर करते थे। मेरा विचार है कि हमारे सामने यहां सीनियर पटेल जी बैठै हैं, वे यहां बैठते थे।

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): कांस्टीट्यूएंट असेंबली का डिबेट सेंट्रल हॉल में हुआ और पार्लियामेंट वर्ष 1950 में यहां हुआ।

माननीय सभापति: राइट।

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): हम लगभग नजदीक ही हैं।

माननीय सभापति: वेरी करेक्ट।

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): वहां पर लिखा भी हुआ है। भवन एक ही है। स्थान पर सही बता रहे हैं। हमें गर्व है कि देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद जी यहां बैठे थे और उन्होंने भी सेंट्रल हॉल में सदन को चलाया था, लेकिन यहां नहीं।

माननीय सभापति: पहले स्पीकर मावलंकर साहब थे।

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): मैं वापस विषय पर आता हूं। संविधान निर्माताओं के मध्य यह तय हुआ कि हमें किस प्रकार की सरकार लेनी है। क्या हमें वेस्टमिंस्टर फॉर्म ऑफ गवर्नमेंट लेनी है या प्रेसिडेंशियल फॉर्म लेनी है? इसी विषय पर आने के लिए ही मैं यहां पर बैठा हूं, क्योंकि जहां तक मैं समझता हूं, मैं इस बात की चर्चा पिछले 20-25 वर्षों से कर रहा हूं। यह भी तय है कि केशवानन्द भारती केस में हम बेसिक स्ट्रक्चर चेंज नहीं कर सकते हैं, लेकिन जिस लोकतंत्र में वेस्टमिंस्टर फॉर्म ऑफ गवर्नमेंट की बात कर रहे हैं, हम लोगों ने ब्रिटिशर्स का मॉडल अडॉप्ट किया है और उसे अडॉप्ट करने के बाद हमने इसे बनाया है और यही इसका बेसिक स्ट्रक्चर है। लेकिन यही बेसिक स्ट्रक्चर न होने के बाद जो भी कमियां हों, सरकार की मंशा के हिसाब से या सरकार की दृष्टि के हिसाब से, हम लोगों ने संविधान को अभी तक 108 बार संशोधित किया है। यह सैक्रोसैंक्ट है, हमको विश्वास है कि संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर में हम कोई चेंज नहीं ला सकते हैं, लेकिन इस देश को आवश्यकता पड़ी, क्योंकि संविधान के प्रति हमारी आस्था है। मैं अगर इस कुर्सी पर हूं, तो वह संविधान की ही ताकत है, आप उस कुर्सी पर हैं, रवि शंकर जी अपने पद पर हैं, तो वह भी संविधान की ताकत से हैं। सरकारी कार्यालय में जाकर मैं सांसद होने के बावजूद उसकी कुर्सी पर नहीं बैठ सकता, वह मेरी कुर्सी पर नहीं बैठ सकता। मैं किसी थानेदार का रोल नहीं कर सकता हूं। यह संविधान में एक बेसिक स्ट्रक्चर है, जिसके कारण हम लोग वहां पर हैं। लेकिन संविधान में भी हमने स्वीकार किया। हमने कास्ट के नाम पर आरक्षण दिया, हमने माइनॉरिटीज को भी रिकगनाइज किया, हमने रिलीजन को, ज्योग्रफिकल रीजन को रिकगनाइज किया। आज भी इस देश में बहुत सारे भाग हैं जहां पर जन्म लेने पर आपको उस भौगोलिक क्षेत्र में जन्म लेने का लाभ मिलता है। यह आरक्षण भी हम लोगों ने दिया। …(व्यवधान)

(1715/MM/MMN)

लाहौल स्पीति, कांगड़ा ऐसे ही बहुत से स्थान हैं, जहां आप जन्म लेंगे तो आपको आरक्षण का अधिकार है। हम लोगों ने संविधान में इसके लिए प्रावधान किए हैं। लोकतंत्र में लोग जीतकर आते हैं। आज मुझे थोड़ी सी तकलीफ होती है। हम लोग मेहनत करके इस पार्लियामेंट में बैठते हैं।

महोदय, आपका भी इस समय मन कर रहा होगा कि हम तुरंत क्षेत्र में जाएं। राज्य सभा में जो हैं, वे नहीं। अब तो रविशंकर जी भी लोक सभा में हैं, आपको बधाई। राज्य सभा की व्यवस्था अलग है, लेकिन लोक सभा के जितने लोग हैं, उनको होता है कि छुट्टी हो तो क्षेत्र में चलते हैं। इस भारत देश की Parliamentary form of Government में यह तय हो गया है कि अगर हम आपको वोट देंगे, जो गांव का व्यक्ति है, हमारे देहात का व्यक्ति है, उसके पास हम जाते हैं और कहते हैं कि भईया हमें जिता दो, हम तुम्हारा बड़ा कल्याण करेंगे। वह हमें देखता है और फिर दो लोगों के बीच में से तय करता है। इस बार तो स्थिति ही अलग थी। सभी ने तय किया कि हमें देश में नरेन्द्र मोदी जी को ही रखना है। तय करने के बाद जब यह होता है तो वह कहता है, तुम को मैंने वोट दिया, नित्यानंद जी को वोट दिया, फलां को वोट दिया, आप बीजेपी के हैं आपको भी हमने वोट दिया है। उसके बाद आप बड़े आदमी बन जाते हैं। आपके पास सिक्योरिटी आ जाती है। आप सरकार में चले जाते हैं। आपका फोटो आता है, पहले पार्लियामेंट में आता है, फिर आप राष्ट्रपति भवन में शपथ लेते हैं। आपके बगल में राष्ट्रपति जी होते हैं, प्रधान मंत्री जी होते हैं, स्पीकर महोदय होते हैं और वह कहता है कि हमने इसको जिताया है और यह अब बड़ा आदमी हो गया है। तुमने हम से वोट मांगा था और अब तुम बड़े आदमी हो गए हो तो मेरा हिस्सा कहां है, मेरे बेटे की नौकरी कब लगवाओगे, कब परीक्षा में मेरे बेटे को पास करवाओगे? उसके बेटे का सेन्ट्रल स्कूल में एडमिशन हो गया है, मेरे बेटे का सेन्ट्रल स्कूल में कब एडमिशन करवाओगे? उसके बाद वह जनप्रतिनिधि, जो वोट मांगने गया था। इस व्यवस्था में आप चुने हुए प्रतिनिधि को सत्ता से जोड़ देंगे, अथॉरिटी दे देंगे, क्योंकि कल मैं मंत्री था, आज नहीं हूं। वह समझता है कि यही सरकारी तंत्र में सबसे आगे बैठा है, यही मंत्री बनता है या मंत्री से हटता है या दूसरे लोग बनते हैं तो इसके अधिकार का हिस्सा मेरे पास कहां है। लोकतंत्र में आपने यह व्यवस्था कायम कर दी है और आज मत डालने वाला हर आदमी आपसे अपना हिस्सा मांग रहा है। आप किसी सांसद से पूछ लीजिए कि वह मांग रहा है या नहीं। वह कह रहा है कि तुम तो बड़े आदमी हो गए। तुम को मैंने वोट दिया था, अब बताओ कि मेरा हिस्सा इसमें कहां है? यह संकट बनता जा रहा है और इसीलिए लोकतंत्र में यह बहुत जरूरी है। मैं चुनाव जीतकर आता हूं और मेरी इच्छा है कि मैं सुबह नौ बजे से शाम के छ: बजे तक यहां रहूं। लेकिन यहां जितने सांसदों से बात हुई, वे सब बेचैन हैं कि हमें अपने क्षेत्र में जाना है, जनता के पास जाना है, उससे मिलना है, यह करना है। My primary duty to make legislation is lost in the process. हम दिनभर परेशान हैं। वहां जा रहे हैं, यहां आ रहे हैं। हमारा बेसिक परपज़ लेजिस्लेशन बनाने का है, हमें सत्ता से बाहर कर दीजिए। इसीलिए कई बार देश में यह तय करने की बात आती है। इस बार हमने एकतरफा चुनाव देखा, लेकिन पहले भी हम लोगों ने चुनाव देखे हैं। बिहार में लालू यादव जी और नीतीश कुमार जी के बीच में चुनाव देखा है। एक तरफ लालू यादव जी और दूसरी तरफ नीतीश कुमार जी। उत्तर प्रदेश में एक तरफ मायावती जी और दूसरी तरफ मुलायम जी, लेकिन अब वे खत्म होते जा रहे हैं, यह दूसरी बात है। ओडिशा में कांग्रेस और बीजेडी के बीच में, अब वह भी खत्म हो रहा है। पश्चिम बंगाल में कम्यूनिस्ट और कांग्रेस के बीच में, फिर बदलकर कम्यूनिस्ट और टीएमसी के बीच में और अब बदलकर टीएमसी, कांग्रेस और बीजेपी के

बीच में है। बाइपोलर पोलिटिक्स तो भारत में हो ही गयी है। जिस तरह से इस बार के चुनाव हुए हैं, हम लोग भारतीय जनता पार्टी से हैं, लेकिन देश में एकदम प्रत्यक्ष तौर से राष्ट्रपति शासन की व्यवस्था का स्वरूप पूरे भारत में उभर कर आ चुका है और यह मेंडेट देश के प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति था। मैं कभी भी छपरा से 15-20 हजार से अधिक मतों से नहीं जीता था। कोई कारण ही नहीं था कि मैं सवा-डेढ़ लाख वोट से जीत जाऊं। वहां से इस तरह से जीतने का किसी का इतिहास ही नहीं है। कहीं न कहीं देश के लोगों ने व्यवस्था से हटकर यह तय करना शुरू कर दिया है कि हमें मोदी जी को जिताना है या राहुल जी को जिताना है। हमें कांग्रेस को जिताना है या बीजेपी को जिताना है। आपने फैसला नहीं किया है, सदन ने फैसला नहीं किया है, कांस्टीट्यूशन ने फैसला नहीं किया है, लोगों ने मेरिट के आधार पर देश की व्यवस्था में बाइपोलर पोलिटिक्स को स्थापित करने का परिणाम इस देश में दे दिया है।

(1720/SJN/VR)

हमारा कुछ रेलिवेन्स नहीं है, हम तो लेजिस्लेटर के रूप में जीतकर आएंगे और लेजिस्लेटर के रूप में रहेंगे, यही ताकत हम चाहते हैं। यह अधिकार देना चाहिए कि साहब आपको तय करना है, जैसे यूएस में है। सही है या गलत है, मैं यह सिर्फ डिबेट के तौर पर बोल रहा हूं। लेकिन यह तय करना पड़ेगा कि मेरिट, सरकार, लोग और डिलीवरी हमको उससे डीलिंग करनी चाहिए। मैं चुनाव जीतकर आया हूं और मैं सरकार का पार्ट नहीं हूं, तो मुझे लेजिस्लेटर का पार्ट बना दीजिए। लेकिन मैं लेजिस्लेटर भी हूं और इग्जिक्यूटिव भी हूं और मैं लोगों की पीड़ा लेकर मंत्री जी के पास भी जाऊं, इसलिए हम एक ट्रिपल रोल अदा कर रहे हैं। इसलिए, कहीं न कहीं सेग्रीगेशन की बहुत बड़ी जरूरत है, जो हम लोग इस देश में महसूस कर रहे हैं।

सभापति महोदय, मैं इस बात पर क्यों आपत्ति जाहिर कर रहा हूं? हम लोकतंत्र में जीतकर आते हैं, तो फिर एंटी डिफेक्शन लॉ किसलिए? जब लोगों का विश्वास था, भारत में यह डर क्यों लगा रहता है कि हम इसको चुनाव जिताकर भेजेंगे और वह भाग जाएगा? यह कौन-सा संविधान है? आप उस संविधान का संरक्षण करने के लिए एक और संवैधानिक संशोधन करते हैं कि एंटी डिफेक्शन लॉ कर देते हैं। वह क्यों करते हैं? क्योंकि लगता है कि अगर वह मंत्री नहीं बना, तो वह भाग जाएगा, सरकार नहीं बनी, तो भाग जाएगा। आप फिर व्हिप का प्रोविज़न करते हैं कि आप व्हिप नहीं करेंगे, तो इन सब कानूनी व्यवस्थाओं को इसलिए व्यवस्था में लाया गया है, क्योंकि लोकतंत्र में जो ये सब खतरे थे, उनको रोका जाए। हम स्वतंत्र होकर जीतकर आते हैं। उसके बाद एंटी डिफेक्शन लॉ के लिए पहले यह क्यों था कि इतने नहीं भाग सकते हैं, फिर हुआ कि दो तिहाई जा सकते हैं, फिर हुआ कि पूरे के पूरे भाग सकते हैं। आखिर सांसदों या विधायकों को इस स्थिति में रखने का औचित्य क्या है? इसकी क्लैरिटी आज नहीं है। महोदय, आज मैं सदन में बोलकर जा रहा हूं। इसकी क्लैरिटी देश में कभी न कभी लेकर और डिसकस करके तय करनी होगी। मेरा संविधान के प्रति कहीं कोई आक्षेप नहीं है। लेकिन देश के लोगों की मानसिकता बदल रही है। वे डिलीवरी चाहते हैं, वे शासन चाहते हैं, वे लेजिस्लेशन चाहते हैं। हम लोग जूडिशियरी को अलग मानते हैं और इग्जिक्यूटिव को अलग करना चाहते हैं। यह जो इग्जिक्यूटिव और लेजिस्लेशन का

मिश्रण है, यह बड़ा खतरनाक है। इसको कहीं न कहीं अलग करना पड़ेगा। इस पर कभी न कभी विचार करना पड़ेगा। जब यह संभव हो जाएगा, तो संभवतः अनिवार्य मतदान की भी व्यवस्था अगर हम लोग उस चरण में प्रारंभ करें, तो इस पर विचार किया जा सकता है।

सभापति महोदय, मैं छपरा से सांसद हूं और मुझे भी लौटना है। समय की भी सीमा है। आज सीग्रीवाल साहब ने जो विषय रखा है, मैं इसके पक्ष में नहीं हूं। मैं आज की तारीख में अनिवार्य मतदान के पक्ष में नहीं हूं। अगर मत होगा, तो मैं इसके खिलाफ मत दूंगा। लेकिन साथ ही साथ हमें इस प्लेटफार्म पर एक बड़े विमर्श को शुरू करना होगा। मैं देश के प्रधान मंत्री जी के प्रति कृतज्ञ हूं, जिन्होंने अपने विवेक से एक बड़े डिलीवरी का मैकेनिज्म शुरू किया है। वह पार्टी के प्रत्याशी के रूप में प्रधान मंत्री बने हैं, लेकिन देश के लोगों ने उन्हें व्यक्ति के रूप में, उनकी योजानओं के बारे में, उनके कमिटमेंट के बारे में, उनके डिटर्मिनेशन के बारे में, उनकी ऑनेस्टी के बारे में, उनके विज़न के बारे में उनको पहचाना है। अगर कहीं न कहीं इस प्रकार से होगा, तो देश में अच्छा शासन आएगा। हम लोग प्रत्येक दिन राजनेताओं के बारे में टिप्पणी सुनते हैं, उससे वंचित होने का लाभ हमें मिल सकेगा। आज सदन में इतनी बड़ी संख्या में सभी सदस्य उपस्थित होकर मेरी बात को सुन रहे हैं। मैं आप सबका आभार व्यक्त करना चाहता हूं। मैं विशेष रूप से सारण की जनता का भी आभार व्यक्त करना चाहूंगा, जिन्होंने रिकार्ड ब्रेक करके मुझे दोबारा जिताकर भेजा है। यह शायद तब तक संभव नहीं होता, जब तक देश के प्रधान मंत्री जी का मुझे सानिध्य प्राप्त नहीं हुआ होता।

सभापति महोदय, मुझे आपने बोलने का अवसर प्रदान किया है, इसके लिए मैं आपका भी विशेष रूप से आभार व्यक्त करना चाहता हूं।

(इति)

माननीय सभापति (श्री राजेन्द्र अग्रवाल) : मुझे माननीय सदस्यों को यह सूचित करना है कि इस विधेयक पर पहले ही दो घंटे की चर्चा हो चुकी है। इसका आबंटित समय लगभग समाप्त हो चुका है। लेकिन अभी इस विधेयक पर 12 और सदस्यों को बोलने की इच्छा है और वह इस पर बोलना चाहते हैं। इसलिए समय को बढ़ाना पड़ेगा। क्या सभा सहमत है कि इस पर 2 घंटे का समय और बढ़ा दिया जाए?

अनेक माननीय सदस्य : हां-हां।

माननीय सभापति : इस पर 2 घंटे का समय और बढ़ाया जाता है।

1724 बजे

श्री निहाल चन्द (गंगानगर) : आदरणीय सभापति जी, आपने मुझे इस अनिवार्य मतदान विधेयक, 2019 पर बोलने का अवसर प्रदान किया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। अभी रूडी साहब ने बहुत ही विस्तार से इस विषय पर चर्चा की है कि मतदान अनिवार्य होना चाहिए या नहीं होना चाहिए। मैं सिर्फ इतना कह सकता हूं कि मतदान लोकतंत्र की नींव है और अगर लोकतंत्र की नींव को मजबूत करना है, तो मतदान होना बहुत ज्यादा जरूरी है।

(1725/KN/SAN)

मतदान को हम किसी भी तरीके से ले सकते हैं। देश में मतदान हो, इसके लिए हम हर परीक्षा की कसौटी पर खरे उतरते हैं। अगर मतदान अधिक होगा तो देश में लोकतंत्र और ज्यादा मजबूत होगा। यह देश युवाओं का देश है। इस देश के अंदर 65 प्रतिशत युवा हैं और मैं समझता हूँ कि इस देश में जब 65 प्रतिशत युवा हैं तो मतदान और ज्यादा हो। हमारे लिए मतदान एक महत्वपूर्ण लाइन है। मतदान और ज्यादा बढ़े, इसके लिए हम सब लोग कोशिश करते हैं। हम लोग जब चुनावों में जाते हैं हमें गाँवों में जाकर वोट माँगने पड़ते हैं, जिस तरीके से गाँवों में हम मतदाताओं के बीच में जाते हैं, आप अच्छे तरीके से जानते हैं, क्योंकि आप भी लोक सभा से आते हैं, इस देश के अंदर जिस तरीके से मतदान हो रहा है, जिस तरीके से मतदान की प्रक्रिया और परम्परा चली है, वह मतदान बहुत अधिक नहीं हुआ। मैं अपने संसदीय क्षेत्र की बात करूँ तो अब की बार 75 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस देश के अंदर अगर मोटे तौर पर देखें तो इस देश के अंदर 60 करोड़ लोग हैं। अगर मतदाता 60 करोड़ गिने जाएं, जिसमें 10-15 करोड़ मात्र वोट देकर जो सरकार बना लें, वह सरकार इस देश में किस तरह से चली होगी, कैसे विकास हुआ होगा, यह मुझे कहने की जरूरत नहीं है। मैं समझता हूँ कि यह देश एक विशाल देश है। हर स्टेट में अलग-अलग मतदान की प्रक्रिया है। अगर हम पंचायती राज की बात करें, मुझे मेघालय जाने का सौभाग्य मिला, वहाँ पर थ्री टियर व्यवस्था ही नहीं है। वहाँ सिर्फ कबायली के आधार पर चुनाव होता है और वह वहां का सरपंच बनता है। फर्स्ट टियर है और सीधे एडीसी बैठता है। मतदान की परम्परा और मतदान की प्रक्रिया वहाँ पर नहीं है। मैं आपसे आग्रह करूँगा कि मतदान होना इस देश के लिए बहुत जरूरी है। दुनिया के 33 ऐसे देश हैं, जहाँ पर मतदान की प्रक्रिया बहुत पहले से स्टार्ट हुई थी। मैं समझता हूँ कि बेल्जियम, स्विट्जरलैंड, आस्ट्रेलिया, सिंगापुर, अर्जेंटीना, आस्ट्रिया और पेरू ऐसे कई देश हैं, जहाँ पर मतदान कम्पलसरी है। मैं मतदान के कम्पलसरी होने के पक्ष में खड़ा हुआ हूँ। मैं चाहता हूँ कि इस देश के अंदर मतदान कम्पलसरी होना चाहिए। बेल्जियम के अंदर वर्ष 1893 में जब यह कानून बना था, उन्होंने सोच कर बनाया था, यह देश के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। अगर इसको हम कानून बनाएँगे तो मैं समझता हूँ कि जो व्यक्ति वोट नहीं देता है, जो व्यक्ति वोट देने नहीं जाएगा, उस दिन के लिए वह अवकाश मनाता है, उस दिन के लिए वह टूर पर जाता है, उस दिन वह अपने परिवार को लेकर बाहर घूमने के लिए चला जाता है, लेकिन उस दिन उसके लिए वोट देना जरूरी हो, यह इस देश के अंदर कानून होना चाहिए। अगर हम लोग मतदान कम्पलसरी बनाएं, मैं समझता हूँ कि वह किसी भी चुनाव में वोट नहीं देता है तो उसको

वोट देने के अधिकार से वंचित करना चाहिए या फिर उसके ऊपर कुछ जुर्माना लगाना चाहिए। हमने ऐसे कई देश देखे हैं, जहाँ पर अगर वोट नहीं देंगे तो वहाँ पर जुर्माना लगता है। जुर्माना छोटा लगा दीजिए, उसका लाइसेंस सस्पेंड कर दें। उसको अगले साल के लिए मतदान कम्पलसरी करने से मना कर दें। हम ऐसे कई तरह के जुर्माना लगा सकते हैं। मैं समझता हूँ कि वर्ष 2009-10 में गुजरात में तत्कालीन मुख्य मंत्री आदरणीय मोदी जी जब लेकर आए थे, एक माननीय सदस्य बता रहे थे कि हाई कोर्ट ने मना कर दिया था। हाई कोर्ट का स्टे हो गया था। मान्वयर, हाई कोर्ट का स्टे नहीं हुआ था। गुजरात के तत्कालीन राज्यपाल ने अनुच्छेद 21 के अंतर्गत उसको वापस लौटाया था। उन्होंने माना नहीं था कि कम्पलसरी मतदान होना चाहिए। इसलिए वह कानून नहीं बन पाया था। वह सिर्फ म्यूनिसिपेलिटी के लिए कानून बनाया था, कोई पार्लियामेंट और विधान सभा के लिए थोड़े ही कानून बनाया था। मैं समझता हूँ कि कम्पलसरी मतदान होना बहुत जरूरी है। हम लोग गाँव में रहते हैं। गाँव में जिस तरीके से चुनाव होते हैं और चुनाव की प्रक्रिया को आप अच्छी तरह से जानते होंगे, हमें वोट माँगने के लिए गाँवों में जाना पड़ता है। जिस तरीके से रूडी साहब बता रहे थे, मैं वे सारी बातें नहीं दोहराना चाहूँगा, लेकिन ऐसे कई चुनाव हैं, जिसको हम लोग कम्पलसरी सैकेंड बार भी कर दें, उसका टर्म बढ़ा दें तो उसका बहुत बड़ा बेनिफिट मिलेगा।

मैं राजस्थान प्रदेश से आता हूँ, वहाँ पर हमने 50 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षण रख रखा है। महिलाओं के लिए जब आरक्षण होता है तो वह एक टर्म के लिए होता है जैसे ग्राम पंचायत का चुनाव होता है। अगर एक ग्राम पंचायत में एक महिला एक बार चुनी जाती है तो दूसरी बार उसको मौका नहीं मिलता है। कई ऐसी महिलाएँ हैं, जो अनपढ़ हैं, जिनके लिए हमारी तत्कालीन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने, वसुंधरा जी ने कुछ एजुकेशन कम्पलसरी की थी, लेकिन उसको मना कर दिया। एक टर्म में वह महिला सरपंच बन कर आएगी, अगर दूसरा टर्म उसको नहीं मिलेगा, काम करे या नहीं करे तो उसके बाद में 10, 15, 20 साल के बाद में उसकी लॉटरी निकलेगी, तब जाकर उसकी रिजर्वेशन में सीट आएगी।

(1730/CS/RBN)

एक बार वह सीट एससी के लिए आरक्षित होती है, अगली बार वह सीट महिला (सामान्य) आ जाएगी, अगली बार पुरुष के लिए वह सीट होगी, उसके अगली बार पुरुष (सामान्य) के लिए सीट आ जाएगी, फिर उसके अगली बार वह सीट ओबीसी के लिए आरक्षित हो जाएगी।

मेरा आपके माध्यम से यह निवेदन है कि इसे भी अनिवार्य किया जाए और आरक्षण का जो टर्म है, उसे डबल किया जाए ताकि एक बार मैं एक चुनाव क्षेत्र से जीतकर आऊँगा, तो अगली बार के लिए मुझे चिंता रहेगी कि मुझे अगली बार भी चुनाव लड़ना है, तो मैं काम ठीक से करूँगा। मैं नरेन्द्र भाई मोदी जी की सरकार को धन्यवाद देना चाहूँगा कि पहली बार 14वें वित्त आयोग का पैसा सीधे गाँव की ग्राम पंचायत को दिया गया है। आज इतना पैसा गाँव की ग्राम पंचायत में गया है, जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। एक-एक ग्राम पंचायत के लिए 30-40-50 लाख रुपया गया है। यह 14वें वित्त आयोग, स्टेट फाइनेंस कमीशन का पैसा था। यह पैसा ग्राम पंचायतों को सीधे गया है। 70 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। वर्ष 1952 में जब चुनाव हुआ था,

अगर ऐसा तभी से हुआ होता, तो आज गाँवों की दशा और दिशा में फर्क होता। आजादी के 65-70 साल बाद पहली बार नरेन्द्र भाई मोदी जी की सरकार ने सीधे ग्राम पंचायतों को पैसा दिया है। मैं आपसे निवेदन करना चाहूँगा कि जब सीधा ग्राम पंचायतों के लिए पैसा जाएगा, वह पैसा गाँव के विकास की योजनाओं में खर्च होगा और उसका बहुत बड़ा लाभ हमारे गाँवों को होगा। हम इसकी कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। आज गाँव में हर व्यक्ति पढ़ा-लिखा, समझदार है। वह चाहता है कि गाँव का विकास हो। हम जिस पवित्र मंदिर में खड़े हैं, रूडी साहब बता रहे थे कि यह वर्ष 1921 में बना था, उस समय यहाँ पर दिल्ली की नगर परिषद बैठा करती थी। पहली बार यहाँ पर नगर परिषद बैठी, फिर दिल्ली की विधान सभा यहाँ पर लगी और वर्ष 1947 के बाद जब वर्ष 1952 में पहला आम चुनाव हुआ, तो पहली बार यहाँ पर सभी लोगों ने बैठकर इस देश के लिए कानून बनाने की योजना बनाई। इस देश में अच्छे कानून बनें, गरीब लोगों के लिए कानून बनें, अगर इसकी शुरुआत हुई है, तो वर्ष 1952 से इसकी शुरुआत हुई है।

महोदय, मैं इस मौके पर सिर्फ इतना कहना चाहूँगा कि भारत में गरीब व्यक्ति मतदान करता है और अमेरिका में अमीर व्यक्ति मतदान करता है। अगर हम इस परम्परा को चैलेंज करें कि भारत में अमीर व्यक्ति भी मतदान करे, अगर सभी लोग मतदान सही तरीके से, सही टाइम पर करने लग जाएं, तो मैं समझता हूँ कि सही सरकार बनेगी। मुझे यह कहने में कोई शंका नहीं है। पहली बार इस देश के अंदर इतना बड़ा मतदान हुआ है। नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में हम सब लोग यहाँ पर चुनाव जीतकर आए हैं। अगर मैं बात करना चाहूँ तो भारतीय जनता पार्टी, जिस पार्टी से मैं आता हूँ, नरेन्द्र भाई मोदी जी के सानिध्य में हम लोग चुनाव जीते हैं, जब हम लोग अपने निर्वाचन क्षेत्र में वोट माँगने के लिए गए थे, तो गाँव का हर व्यक्ति, गरीब व्यक्ति, गरीब महिला हमसे कह रही थी कि मोदी जी के नाम पर हम इस देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाना चाहते हैं। मोदी जी के नाम पर हम यह वोट देंगे। हमने इतनी बड़ी परीक्षा पास की है, तो मैं कह सकता हूँ कि इस कसौटी पर यह सरकार खरा उतर रही है और विकास की योजनाओं में यह सरकार भागीदारी जता रही है। मैं कह सकता हूँ कि आज अनिवार्य मतदान इस देश के लिए बहुत अनिवार्य है। जो व्यक्ति मतदान न करे, उसके लिए जुर्माना लगना चाहिए, चाहे वह जुर्माना बहुत छोटा ही क्यों न हो, ताकि आने वाले समय में वह मतदान करने के प्रति जागरुक रहे।

महोदय, जब हम लोग एक सामान्य नागरिक के रूप में टैक्स दे रहे हैं, जब सामान्य नागरिक के रूप में हम लोग शिक्षा ले रहे हैं, हम लोग न्याय की प्रक्रिया कर रहे हैं, तो हम लोगों को चाहिए कि हम एक नागरिक कर्तव्य निभाते हुए मतदान करें। मैं समझता हूँ कि चुनी हुई संसद और सरकार की अत्यधिक मतदान की इच्छा के कारण लोकतंत्र मजबूती का एक सहारा है। अगर इस लोकतंत्र को मजबूत करना है, तो मतदान करना बहुत जरूरी है। अनिवार्य मतदान से लोकतंत्र और ज्यादा मजबूत होगा। जब हम चुनाव में जाते हैं तो हमारी सारी की सारी ऊर्जा मतदाताओं को लुभाने में लग जाती है। मैं समझता हूँ कि अगर हम अपनी सारी ऊर्जा को मुद्दों पर लगायें, तो यह लोकतंत्र और ज्यादा मजबूत होगा।

मैं आपके माध्यम से सिर्फ इतना कह सकता हूँ कि इससे सभी राजनीतिक दलों को आर्थिक बचत भी होगी और कार्यकर्ताओं को हर मतदाता को बूथ पर लाने के लिए, उनको रिझाने के लिए अनाप-शनाप खर्चा भी नहीं उठाना पड़ेगा। अनिवार्य मतदान होना चाहिए। अनिवार्य वोटिंग से लोकतंत्र सफल होगा और सबकी भागीदारी से सरकारें बनेंगी। मैं समझता हूँ कि मतदान पर सबसे ज्यादा खर्च हमारे देश में होता है। रूडी साहब बता रहे थे कि मतदान पर 4-5 हजार करोड़ रुपये का खर्चा इस देश को चुनाव में उठाना पड़ता है। इसलिए देश में अनिवार्य मतदान करना चाहिए ताकि यह पैसा हमारे देश के विकास में लग सके। देश का विकास तभी संभव हो पायेगा, जब भारत के गरीब व्यक्ति, अंतिम छोर पर बैठे हुए व्यक्ति को यह समझ आ जायेगा कि मतदान करना हमारे लिए कितना जरूरी है और तब जाकर यह देश विकास के पथ पर पहुँचेगा।

(1735/RV/SM)

सभापति महोदय, मैं अपनी बात को खत्म कर रहा हूं। मैं जानता हूं कि यहां पर भी समय की पाबंदी है। मैं आपके माध्यम से कह सकता हूं कि हमारे देश में मतदान जरूरी होना चाहिए, मतदान अनिवार्य होना चाहिए। देश मजबूत करने के लिए हम लोगों को मतदान करना चाहिए। मतदान 99 परसेंट हो, चाहे वह पंचायत का, नगरपालिका का, विधान सभा का या लोक सभा का चुनाव हो। अगर इन चुनावों में ज्यादा से ज्यादा मतदान होगा, तब जाकर यह लोकतंत्र मजबूत होगा, हमारा देश मजबूत होगा, विकास के मामले में हम लोग आगे निकलेंगे।

नरेन्द्र भाई मोदी ने भारत को विश्व गुरु बनाने का जो फैसला किया है, यह तभी हो पाएगा जब प्रत्येक व्यक्ति मतदान करेगा और तब जाकर यह देश मजबूत होगा।

सभापति महोदय, मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं। आपने मुझे बोलने का समय दिया, मैं आपको भी अपनी तरफ से धन्यवाद दूंगा।

बहुत-बहुत धन्यवाद। जय हिन्द।

(इति)

1736 बजे

श्री भर्तृहरि महताब (कटक): महोदय, धन्यवाद। This is not the first time that we are discussing this topic, 'compulsory voting'. This will be the third time in this House that I am speaking on this subject. Of course, for the second time, Shri Sigriwaliji has moved this Bill in the 17th Lok Sabha. Firstly, in the 16th Lok Sabha, he moved it.

Before that, the then representative from Delhi, Shri Jai Prakash Aggarwal had also moved a Bill relating to compulsory voting. At that time, jokingly, I told him: "You have the Government in Delhi State. Why do not you try this compulsory voting in Delhi State itself?" If it is successful in Delhi State Assembly, it will be an example for rest of the country and of course, the Election Commission and other respective political parties may think over it.

During that period, an attempt was being made in Gujarat also. A unanimous resolution or Bill was passed by the Gujarat Assembly to have municipal elections in a compulsory mode so that every voter of respective municipal corporations or urban bodies will be asked to vote compulsorily.

I will come to that aspect later. In this Bill, other than enforcing the compulsory voting, hon. Member has also mentioned about the special arrangements for senior citizens और उसके साथ पनिशमेंट। अगर कोई वोट न दे तो उसे क्या पनिशमेंट हो सकती है, इसके बारे में इन्होंने लिखा है – fine of Rs.500, two-days imprisonment, forfeiture of ration card वगैरह-वगैरह बाकी सारी बातें लिखीं हैं। इसके साथ इन्होंने लिखा है - Incentive for voting, जिसके बारे में Shri Rajiv Pratap Rudy has also mentioned that a little bit of incentive is required.

Before coming to the issue of compulsory voting, very interestingly, I would like to say that एक माननीय सदस्य अमर शंकर साबले जी ने राज्य सभा में एक प्रश्न इसी महीने में 11 जुलाई को पूछा था। हमारे लॉ एण्ड जस्टिस मिनिस्टर ने बड़े अदब से उसका रिप्लाई दिया था। The question was, whether the Government has taken any action to implement compulsory voting in the country. The answer was that no such proposal is under the consideration of the Government". यह वर्ष 2019 का है। Earlier In 2010, a similar question was also put forth by Shri Prabhat Jha in Rajya Sabha. The question was, whether the Government has received any suggestion from a few States as regards making voting compulsory. The then Law Minister, Dr. Veerappa Moily replied that no proposal for making voting compulsory has been received from any State Government. इसी तरह का एक प्रश्न

गुजरात के बारे में आया और उसमें कहा गया था कि that the matter is pending before the court. हमने आज भी सुना कि किस तरह गवर्नर साहब ने उसे एक्सेप्ट नहीं किया।
(1740/MY/AK)

Here, I would just like to mention this. नीति आयोग ने एक प्रस्ताव के हिसाब से बताया था कि इसे किया जाए। The CEO of NITI Aayog had suggested compulsory voting is worth a try. सरकार के पास कोई प्रस्ताव नहीं है। नीति आयोग हमारे देश का सबसे बड़ा थिंक टैंक है और उनकी तरफ से यह प्रस्ताव आया। I think that it is a loud thinking. जिसके हिसाब से उन्होंने फरवरी 2019 में इस बारे में कहा। इस हिसाब से हम देखते हैं कि what was the position in 2014? वर्ष 2014 के जेनरल इलेक्शन में the largest democracy, that is, India at that time had 81,40,00,000 people who were eligible to vote in that election. In 2019, it was around 91 crore. जिसका हिसाब आपने अपने इनिशियल रिमार्क्स में दिया था। Out of this, 66.40 per cent had voted in 2014. I have those figures with me. आपने 19 फिगर दे रखी थी। In the face of it, if you quantify 66.4 per cent, it is a high number. पूरे विश्व में इतने सारे लोग मतदान केन्द्र पर आकर अपना वोट डालें, ऐसा कहीं नहीं हुआ है। इसके साथ एक लिस्ट भी जुड़ी हुई है। इस लिस्ट में कहा गया है कि किस-किस देश में कितनी पोलिंग हुई है और इसमें सबसे आगे वियतनाम है। अब तक इसके नाम की किसी ने चर्चा नहीं की है। यहां 99.26 परसेंट वोटिंग हुई है।

मेरा एक पर्सनल एक्स्पीरिएन्स है, विश्व में एक एशियन पार्लियामेंट्री असेम्बली है। खुशी की बात है कि In the 16th Lok Sabha, I was asked by the hon. Speaker to represent our Parliament in the Asian Parliamentary Assembly. जब मैं वहां पहुंचा, तो I was totally astonished because I had an impression about the Parliamentary democracy keeping India, Britain and some other Commonwealth countries in my mind. मैंने वहां देखा कि ईरान की मज़लिस है। It has a Parliament. सऊदी अरब की पार्लियामेंट है। तुर्कमेनिस्तान की पार्लियामेंट है। रूस की भी पार्लियामेंट है। जो एकात्मक शासन है, जिसको हम समझ पाते हैं कि इस तरह की ऑटोक्रेटिक गवर्नमेंट वहां है। उनका भी एक पार्लियामेंट है। उनके यहां भी पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी है। उसमें इराक और पाकिस्तान भी हैं। एशिया की जितनी भी पार्लियामेंट्स हैं, उनके रेप्रिजेन्टेटिव्स वहां होते हैं। We had a limited agenda from our country's or Parliament's point of view. Our Foreign Affairs officers were also guiding us on how to deal with the issues that were coming up before us.

हम जो लिस्ट देख रहे हैं, जैसे इसमें वियतनाम है। Vietnam also has a Parliament. Rwanda, which was next to Vietnam, had a figure of 98.80 per cent polling. सबसे नीचे के पायदान, यानी 109वें स्थान पर इंडिया आता है। यहां 66.40 वोटिंग हुई है। इसके ठीक ऊपर वर्जिन आईलैंड है, जिसका वोटिंग परसेंट 66.58 है। मैं कोई पुरानी लिस्ट नहीं पढ़ रहा

हूं। This is the position, if we go into the percentage of voting. इसमें आता है कि क्वालिटी ऑफ वोटर्स क्या है?

(1745/CP/SPR)

Here we come to know as to what is the quality of voters. इसके बारे में थोड़ी-बहुत चर्चा यहां भी हो चुकी है। In quality of voters, sense of participation in Government making, in law making, हमारे सिटीजनरी कितने इक्विप्ड हैं, इसके बारे में चर्चा होनी चाहिए, जब हम कंपल्सरी वोटिंग को एनफोर्स करना चाहते हैं, मैं यही इनसिस्ट कर रहा हूं कि कंपल्सरी वोटिंग सिर्फ वोट पर्सेंटेज बढ़ाने के लिए नहीं होनी चाहिए। इसके बारे में जब वर्ष 1951 में रिप्रजेंटेटिव ऑफ पीपुल्स एक्ट पर चर्चा हुई थी, तब डॉ. बी.आर.अंबेडकर ने स्पष्ट स्वर में कहा था।

Therefore, I would insist that in democracy, that too in parliamentary democracy, every adult has a legal right to cast his or vote, and elect a representative of his or her choice. Once you make voting compulsory, it will no more remain voluntary. The right of a citizen to make a choice is the right of liberty and that gets suspended once you make it compulsory.

Globally, as many as 29 countries have experimented with compulsory voting. Presently, there are only around 11 countries which enforce these rules. For example, Australia, and Belgium levy fines. While Brazil and Peru restrict access to State benefits and social security if one does not vote. But Chile, Fiji, Netherlands, and Venezuela have abandoned compulsory voting. Even in Australia, one can say it is not enforced so strictly. Why should we think it is important? Compulsory voting improves voters turn out. But is that the end of it? It prevents disenfranchisement of socially disadvantageous through bribe or covert threats. But do we not have a right to abstain from voting on a Bill, or even not to participate in a vote?

Then, why can a citizen not have the same right? मैं यहीं बताना चाहता हूं कि यहां हाउस में राइट टू वोट है या नहीं, अगर हमारे ऊपर व्हिप नहीं है, तो we are free either to cast a vote or not cast a vote. मैं उस दिन का इंतजार करूंगा, अगर रवि शंकर प्रसाद जी के टेन्योर में if he comes out with a Bill that every Member or every Bill should be voted, not by voice vote. We should press our electronic button, which should be displayed in the monitor. Our electorate will know whether I am present in this House or not; whether I have participated in the vote or not, through the media, and also through direct channel. My participation in the law making should be recorded. If that is not happening in the House itself, how can we

enforce a proposed law that all eligible citizens who are entitled to vote should cast their vote? Otherwise, they would be penalised. Otherwise, the benefit which is being provided by the State should be withdrawn and they should be asked to explain.

Once I would rather insist that this Government can come up with some idea on how to ensure the full presence of the Members in this House and they should also cast their vote, and that should be recorded; and it should be displayed so that not only the constituency but also the whole country knows it.

Yesterday, there was voting. We read in the papers today that these are the political parties who have supported the Bill; and these are the parties who have opposed the Bill. These are the parties which have walked out. How many Members were actually there inside the House? How many of them were not there? Let the country come to know.

(1750/UB/NK)

Let us make that compulsory first inside the House of elected Members who are representatives of the people of this country.

DR. NISHIKANT DUBEY (GODDA): What is your opinion on NOTA?

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): 'None Of The Above' button in the EVM is also a way of abstaining from giving an opinion.

DR. NISHIKANT DUBEY (GODDA): Is it not the violation of article 324?

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): I leave it to our learned Law Minister to give an opinion on that. But NOTA has been accepted by all political parties. That is how the Election Commission is enforcing it.

1750 hours (Hon. Speaker *in the Chair*)

It is not only about giving an opinion on the above candidates, but also alerting the respective political parties that we are not choosing the above candidates which you have put forth before us to choose. That is why it is None Of The Above. Rather, you select someone else, we do not support this person as a candidate.

After the Tenth Schedule became a part of the Indian Constitution, party came into existence. Once party came into existence, then only NOTA became an addition to that which means the party candidate is not supported. But it is also an opinion. Not giving an opinion, as it was said by the famous former Prime Minister, is also an opinion.

DR. NISHIKANT DUBEY (GODDA): But it was not Parliament.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): It was in this country. It was said by our former Prime Minister. As article 326 guarantees the Right to Vote to every citizen above the age of 18, Section 62 of the Representation of People's Act states that every person who is in the electoral roll of that constituency will be entitled to vote. This is not discriminatory but voluntary. So, in that respect, I would say that compulsory voting in itself is somewhat anti-democratic in the country because the freedom to speak necessarily includes the freedom of not to speak.

There is also a concern over enforcement of this rule on account of sheer number of voters in India. For example, in Australia, an amount of 5000 Australian Dollars is spent on defaulter to levy a simple fine of 50 Australian Dollar for not voting. What would be the situation in India? How much money has to be spent on that? I hope the initiator of this Bill has calculated that amount. Laws are made to be enforced but here is a case as in Australia where this piece of legislation is in the books but is rarely implemented. Should we have such a law in our statute which may not be implemented and if implemented, will be implemented in a very shabby way?

Let us recollect a piece of history. In 1951, as I was saying, during the discussion on the Representation of People's Bill in Parliament, the idea of including compulsory voting was mooted by a Member. I am not naming that Member; I think, Nishikant Babu must be remembering him. However, it was rejected by Dr. B. R. Ambedkar on account of practical difficulty. Over the decades, various committees have discussed electoral reforms and a name that comes to my mind is of our learned Law Minister, Shri Dinesh Goswami. The Committee headed by Shri Dinesh Goswami in 1990 briefly examined the issue of compulsory voting. This was rejected on the ground that there are practical difficulties involved in its implementation.

Again, in July 2004, the Compulsory Voting Bill was introduced as a Private Member Bill by Shri Bachi Singh Rawat in the Lok Sabha. The Bill did not receive the support of the House and was not passed. As I mentioned, another Private Member Bill was rejected by Shri J. P. Aggarwal in 2009. The then Law Minister argued that active participation in a democratic setup must be voluntary, not forced. But a major thrust, as I was telling, was to increase

the percentage of voting which has been happening, at least, during the last three elections.

(1755/KMR/SK)

Voting percentage this time has gone up to 71. Last time, it was 66.4 per cent, and before that in 2009 it was around 61 per cent or something like that. This shows that consciousness among people is rising. Especially, the younger electorate are coming in large numbers to the polling booths. They want to see a change in the country, change for the betterment of their own living standards and to get better opportunities.

The manner in which our political parties in this country involve themselves in electioneering, it does not happen in that large numbers even in the United States. I think the Law Minister can come up with that figure. Percentage of voting in the United States is not above 52. They have never said that they need a compulsory voting system in their country. Why should we insist on compulsory voting here when the percentage of voting is high and increasing?

As I said, freedom is something which is enshrined in our Constitution. It is a right. It is a right to cast vote and it is a right not to cast vote. I would, therefore, say compulsory voting in India is a bad idea.

An interesting petition was filed in 2015. I do not know whether the mover of this Bill has been very much influenced by that petition which was filed by Mr. Satya Prakash who wanted mandatory voting to be enforced in India. The NDA Government then said that exercising one's franchise is the fundamental right of every citizen but it is not a duty. Last time Nishikant *babu* was mentioning about it. It is a right; it is not a duty. Once you make it a duty, you can make it compulsory. One can argue on both sides. To enforce your right, make it a duty. But once you make it a duty, the right of every citizen will come down. The 25th Law Commission Report said that electoral rights of the voter include the right to vote or refrain from voting.

In 1951-52, the voting took place for three months. In 2019, it took eight weeks. Should it be so long? This is a question I think the Government should answer. We have heard of 'One Nation, One Election'. Can this Bill stand the scrutiny of law? First, compulsory voting has to be a duty, not a right.

With these words I would say that compulsory voting may be a good idea but it is very difficult to enforce it. Once we recognise the right and the freedom that is enshrined in our Constitution, let us not make it compulsory. Let us create more awareness in the country so that many people come to the polling stations and cast their vote and form a new India.

Thank you.

(ends)

1758 बजे

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): माननीय अध्यक्ष जी, यह बहुत ही सुखकर है कि प्राइवेट मैम्बर्स बिल चल रहा है और आप स्वयं सदन की अध्यक्षता कर रहे हैं। मैंने कभी प्राइवेट मैम्बर्स बिजनेस में ऐसा नहीं देखा, इसके लिए आपका अभिनंदन है।

आपने मुझे जनार्दन सीग्रीवाल जी द्वारा प्रस्तुत अनिवार्य मतदान विधेयक पर बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। जब भी इस बिल पर चर्चा करने का अवसर आया, बहुत विद्वता के साथ सम्मानीय सदस्यों ने अपने विचार रखे। यहां उदाहरण भी दिया गया कि आस्ट्रेलिया और अन्य देश जहां अनिवार्य मतदान एक विषय है, मैं उन देशों का नाम लेना आवश्यक नहीं समझता हूं। भारत जैसा विशाल देश, जहां डाइवर्सिटी भी है, जहां का साइज़ बहुत बड़ा है, जहां अभी भी असाक्षरता है, जहां अभी भी दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में लोग बसते हैं।

(1800/MK/SNT)

वहां मुझे नहीं लगता है कि उस अनुभव के आधार पर हिन्दुस्तान जैसे देश के अंदर अनिवार्य मतदान की व्यवस्था सफल हो सकती है। यह ठीक है कि अनिवार्य मतदान बिल के माध्यम से मतदान का प्रतिशत क्रमश: बढ़ता रहे, इस विषय में और भी उपाए किए जाएं, मतदान का प्रतिशत क्यों कम हुआ है, इसकी चिंता भी की जानी चाहिए।

माननीय अध्यक्ष: छ: बज गए हैं। राजेन्द्र अग्रवाल जी आप अपना भाषण अगली बार जारी रखेंगे।

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): अध्यक्ष महोदय, प्राइवेट मेम्बर बिल के 45 मिनट बर्बाद हो गए हैं। मेरा आग्रह होगा कि आप 15 मिनट प्राइवेट मेम्बर बिल के लिए दे दीजिए। राजेन्द्र अग्रवाल जी के बाद दुष्यंत सिंह जी इनीशिएट कर देंगे और उसके बाद जीरो आवर ले लिया जाए।

माननीय अध्यक्ष: अगर हाउस की सहमति है तो मुझे कोई प्रॉब्लम नहीं है। माननीय मंत्री जी से सलाह ले लीजिए।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): जब बिल पास कर रहे थे तो यह तय हुआ था कि इसको थोड़ा बढ़ाया जा सकता है।

माननीय अध्यक्ष: 10 या 15 मिनट के लिए। आप बताइए, यदि आपकी इजाजत हो तो।

विधि और न्याय मंत्री; संचार मंत्री तथा इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद): सर, मित्रों के लिए मुझे कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन उत्तर आज नहीं होना चाहिए। …(व्यवधान)

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): उत्तर आज है ही नहीं। अभी तो 8 स्पीकर्स बचे हैं। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: 15 मिनट प्राइवेट मेम्बर बिल के लिए बढ़ाया जा रहा है। श्री राजेन्द्र जी के बाद श्री दुष्यंत जी बोलेंगे, आज आप बोलेंगे न, आप के लिए समय बढ़ा रहे हैं। केवल 15 मिनट, फिर 15 मिनट जीरो आवर भी है।

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): अध्यक्ष जी, मुझे ऐसा लगता है कि इन विषयों के ऊपर मैं माननीय सदन का अधिक ध्यान दिलाना चाहूंगा, राजनीतिक नेतृत्व के प्रति और कुछ सीमा तक सदन और

सांसदों के प्रति भी आचरण के परिणामस्वरूप अनास्था का वातावरण पैदा हुआ है, उससे मतदान प्रतिशत प्रभावित हुआ है। अभी हमारे आदरणीय रूडी जी अपना भाषण देकर चले गए, उन्होंने एक बात कही कि हम मत मांगने के लिए जाते हैं और मत मिलता है। मत मिलने के पश्चात् आम मतदाता यह देखता है कि हम एक बड़े स्थान पर पहुंच गए हैं, उच्च स्थान पर पहुंच गए हैं, हमारा मंत्रियों से संपर्क है, हम प्रधान मंत्री के साथ बैठते हैं, हम स्पीकर महोदय के साथ बैठते है। उसको लगता है कि हमने जिसको मत दिया, जो मेरे यहां मत मांगने के लिए आया था, वह एक उच्च स्थान पर पहुंच गया और इसमें मुझको हिस्सेदारी नहीं मिल रही है। वह अपनी हिस्सेदारी की डिमांड करता है। वह जब देखता है कि एक व्यक्ति सत्ता पर अधिष्ठित हो गया, उसका सुख बढ़ गया तो उसके अंदर जरूर डिमांड करेगा।

मैं ऐसा समझता हूं कि उस आम मतदाता को हिस्सा इसलिए नहीं मिल सकता क्योंकि जो प्रतिनिधि चुन कर आया है, उसने सादगी और सेवाव्रत का पालन नहीं किया, जिसकी अपेक्षा थी। वह अपना अधिकार मांगता है, सत्ता में भागीदारी मानता है। सत्ता में उसको भागीदारी मिलना संभव नहीं थी इसलिए उसको एक प्रकार का डिस्अपाइंटमेंट हुआ, इसीलिए सत्ता का स्वरूप बना, जनप्रतिनिध का स्वरूप बना। उसको ऐसा लगता है कि जिसको मैंने चुना है वह सेवा भाव से काम नहीं कर रहा है। वह सत्ता उपभोग की दृष्टि से काम कर रहा है। इसके कारण से अनास्था का निर्माण हुआ है।

सदन के अंदर कई बार होता है। आज ही जो घटना घटी, मैं उसके बारे में ज्यादा विस्तार से नहीं कहूंगा, जब कोई सांसद बोलते हैं तो हमेशा बोलते हैं कि यह अगस्त हाउस है, माननीय सदन है, सर्वोच्च पंचायत है। इसके बाद भी यहां किस प्रकार की बातें हो जाती हैं। संसद के विषय में मीडिया और कवि सम्मेलनों में ऐसी टिप्पणियां होती हैं, जो बड़ी चिंताजनक होती हैं। यह व्यवहार भी अनास्था पैदा करता है। इस अनास्था ने भी सामान्यजन को मतदान प्रतिशत अधिक न रखने के लिए विवश किया है। हम जब यहां खड़े हैं, मैं समझता हूं कि सदन के सदस्यों और राजनीति में काम करने वाले व्यक्तियों की बड़ी जिम्मेदारी है कि इस प्रकार का प्रभाव पैदा न करे जिससे सामान्य जन को मतदान के प्रति रुचि कम हो। इस दृष्टि से माननीय प्रधान मंत्री जी का विशेष अभिनंदन करना चाहूंगा। जब वे पहली बार संसद में आए थे, तो उन्होंने लोकतंत्र की इस मन्दिर को प्रणाम करके संसद में प्रवेश किया था। हम यह भी देखते हैं कि संसद के अंदर वे सभी सदस्यों से अपील करते हैं कि इस संसद की व्यवस्था को देखिए, समझिए और इसकी गरिमा को बढ़ाइए। हम अनुभव कर रहे हैं कि उसके कारण संसद के अंदर स्तर में सुधार आया है।

(1805/YSH/GM)

हमारे प्रधान मंत्री कहते हैं कि जब बच्चा 18 वर्ष का होता है, वह 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेता है तो वह देश का निर्माता बन जाता है, भाग्य विधाता बन जाता है। आज हमारे यहां 16 संस्कार तो प्रचलित नहीं है, चार-पांच संस्कार ही प्रचलन में हैं। लेकिन कई बार उन्होंने कहा है कि जब बालक की 18 वर्ष की आयु पूरी होती है तो एक मताधिकार प्राप्त करने का कार्यक्रम भी होना चाहिए। यह बात बहुत ही महत्वपूर्ण है और मैं इस बात का इसलिए उल्लेख कर रहा हूं क्योंकि इस प्रकार

का कार्यक्रम होने से शायद इस बात की जिज्ञासा होगी और एक कर्तव्य का निर्माण होगा कि अब मैं 18 वर्ष का हो गया हूं। मैं देश के लोकतंत्र में भागीदार हो गया हूं। मुझे देश के शासन का निर्णय करने का अधिकार हो गया है। इसलिए मैं अब सक्रिय रहूं। प्रधान मंत्री जी का विषय बहुत महत्वपूर्ण है। हमें इस बात को चैतन्य में लाना चाहिए। हमारे व्यवहार के कारण या राजनीतिक क्षेत्र में रहने वाले लोगों से अनास्था का निर्माण होता है, जिसकी हमें चिंता करनी चाहिए। मैं एक छोटी सी बात कहना चाहता हूं। मैंने देखा है कि प्रत्येक चुनाव के अन्दर ऐसी बहुत सी शिकायतें आती है कि मतदाता सूची से उनका नाम हट गया है। ऐसी शिकायतें प्रत्येक क्षेत्र से आती हैं। मैं बहुत से चुनावों में देखता आ रहा हूं। मैंने तीन चुनाव लड़े हैं। अनेक चुनाव उससे पहले लड़ाए भी हैं। शिकायतें आती हैं कि कहीं मोहल्ले के मोहल्ले गायब हो गए, कहीं पर मतदाता सूची में परिवर्तन हो गया और अंतिम सूची, जो आई, उसमें उनका नाम नहीं है। ये समस्याएं सामने आती हैं। मेरा ऐसा अनुमान है कि इस समस्या के कारण भी दो या तीन प्रतिशत का मतदान कम हो जाता है। इसकी कुछ व्यवस्था हो भी सकती है जैसे यदि आधार से सभी चीजें जुड़ जाएं तो ये समस्याएं कम हो सकती हैं। रविशंकर जी, जो कानून के मंत्री हैं, वे आधार के विषय को भी देखते हैं। आधार के साथ मतदाता को जोड़कर सूची बनाते हैं। दूसरी बात यह है कि कोई भी मतदान हो, चाहे लोकल बॉडीज का हो, विधान सभा का हो, संसद का हो, जिला पंचायत का हो या किसी भी प्रकार का मतदान हो, यदि मतदाता सूची एक हो सकती है तो यह जो दोष है कि सूचियों में से कुछ के नाम हट जाते हैं तो इस पर बहुत अधिक नियंत्रण हो जाएगा। अभी स्थिति यह है कि नगर निगम की सूची अलग होती है, जिला पंचायत की सूची अलग होती है, विधानसभा की सूची अलग होती है। यह ठीक है कि हर बार नए मतदाता जुडेंगे, लेकिन सूची की सूची को दोबारा से बनाने की जरूरत नहीं रहेगी। ऐसी व्यवस्था अगर की जा सके तो मतदान को बढ़ाने में इसकी भूमिका हो सकती है। मतदान का विषय इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि सहभागिता के बिना लोकतंत्र यशस्वी नही हो सकता। हमारे प्रधान मंत्री जी जो अभियान चला रहे हैं, चाहे स्वच्छता का अभियान हो, चाहे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का अभियान हो, उन्होंने सभी को एक नई बात कही है कि हम लोग वृक्षारोपण के साथ जुड़ें, जल के साथ जुड़ें, तो यह जन सहभागिता के बिना संभव नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सिग्रीवाल जी जिस विषय को लाए है, वह जन सहभागिता के माध्यम से लोकतंत्र को यशस्वी करने की ओर इशारा जरूर करता है। मैं उनके बिल का स्वागत भी करता हूं, परन्तु मुझे जरूर लगता है कि अनिवार्य मतदान का विषय भारत में शायद व्यवहारिक नहीं है। हां, उसके माध्यम से अधिक से अधिक लोग मतदान करें, अपनी भूमिका निभाए, यह बहुत आवश्यक है, यह आज हो भी रहा है। मैं इतना कहकर अपनी बात समाप्त करता हूं।

(इति)

1809 बजे

श्री दुष्यंत सिंह (झालावाड़-बारां): स्पीकर महोदय, धन्यवाद। आज मुझ से पहले आदरणीय सांसद जो मेरठ से हैं, उन्होंने अभी कहा कि पहली बार देखा है कि हमारे माननीय स्पीकर साहब आज खुद प्राइवेट मैम्बर्स बिल पर इतनी रुचि लेकर सभी युवाओं को और सभी पार्टियों के लोगों को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

(1810/RPS/RK)

मुझे इतना गौरव का आभास होता है कि आप हमारे हड़ौती क्षेत्र से पधारते हैं, हमारे क्षेत्र से आपके अच्छे ताल्लुकात हैं और वहीं से आपने अपना पूरा राजनीतिक जीवन व्यतीत किया है, इसलिए आपको वहां देखते हुए हमें बहुत अच्छा लगता है कि आप और उंचाई तक पहुंचें, हमारे क्षेत्र का नाम, हड़ौती और राजस्थान का नाम ऊपर ले जाएं। आज आपने मुझे, आदरणीय सीग्रीवाल जी द्वारा लाए गए कम्पलसरी वोटिंग बिल, 2019, पर बोलने का मौका दिया है। मैं देश के पूर्व प्रधान मंत्री आदरणीय वाजपेयी जी को कोट करना चाहता हूं, उन्होंने अपने वोट ऑफ कांफिडेंस के समय यह बात कही थी :

> "पार्टियां आएंगी, जाएंगी। सरकारें बनेंगी, बिगड़ेंगी, लेकिन देश रहेगा। यहां देश रहना चाहिए और इस देश का लोकतंत्र अमर रहना चाहिए।"

वर्ष 1952 से चुनावों की शुरुआत हमारे देश में हुई है। पहली लोक सभा के चुनाव से हम देश में चुनाव देख रहे हैं, लेकिन वोटिंग का परसेंटेज बहुत कम होता था। आज आदरणीय मोदी साहब को देखते हुए, उनके नेतृत्व को देखते हुए, उनके अच्छे कामों को देखते हुए, उनके द्वारा किए जा रहे प्रगति के कार्यों को देखते हुए, देश का युवा, देश हर नागरिक, दलित वर्ग, पिछड़ा वर्ग, किसान, माताएं-बहनें, युवा, बुजुर्ग आदि सब लोग लगे हुए हैं। वे जानते हैं कि यह सरकार उनकी है और उनकी सरकार प्रगति की तरफ आगे बढ़े। उनको देखते हुए, इस बार पहली बार वोटिंग परसेंटेज 65 प्रतिशत से 70 प्रतिशत रही, जो पिछले कई सालों में कभी हो नहीं पाया। यह हमने इसलिए देखा है, क्योंकि इलेक्शन का प्रबंधन इलेक्शन कमीशन ने बहुत अच्छा करने का प्रयास किया है। उन्होंने बूथ को छोटी-छोटी जगह बनाने की व्यवस्था की। चाहे अरुणाचल प्रदेश हो या कश्मीर का क्षेत्र हो या दक्षिण भारत का क्षेत्र हो या हमारे बाड़मेर का क्षेत्र हो या दीमापुर का क्षेत्र हो या कोई भी मुश्किल क्षेत्र हो, पूरे देश में उन्होंने इलेक्शन कमीशन की टोलियां भेजकर काम करने का प्रयास किया। जब हम कश्मीर में चुनाव देखते हैं तो लगभग चार से पांच प्रतिशत पोलिंग हुई है। आज हम देखते हैं कि जो अर्बन क्षेत्र है, शहरी क्षेत्र में मतदाता जब वोट देने जाता है, उसमें जितना जोश होना चाहिए, कभी-कभी वह हमें देखने को नहीं मिलता है। मेरा संसदीय क्षेत्र – बारां-झालावाड़ क्षेत्र हैं, वहां हम पहली बार लगभग 72 प्रतिशत वोटिंग कर पाए हैं। वह इसलिए कर पाए हैं, क्योंकि माननीय इलेक्शन कमीशन की व्यवस्था और माननीय मोदी साहब को देखते हुए लोगों ने वोट दिया है।

माननीय अध्यक्ष : आप आज तक झालावाड़ सीट से अधिकतम वोटों से जीते हैं, यह भी बताइए।

श्री दुष्यंत सिंह (झालावाड़-बारां): आदरणीय मोदी साहब को देखते हुए, उनके अच्छे कामों को देखते हुए, हमने यह काम करने का प्रयास किया है। इसको देखते हुए एक खुशहाली का मौका आता है, जब पांच साल बाद हमारे माननीय कार्यकर्तागण गांव-गांव, घर-घर, टोलियां बनाकर जाते हैं, उस समय एक उत्साह का वातावरण होता है, एक फेस्टिव सीजन की तरह होता है, क्योंकि हमारे संविधान निर्माताओं ने यह मौका दिया है कि हर पांच साल में आकर हम सरकार बनाएं।
(1815/RAJ/PS)

मुझे यह बात कहने की बहुत जरूरत है कि अगर हम वोट को कम्पलसरी करेंगे तो यह हमारे डेमोक्रेटिक राइट का इनफ्रिन्जमेंट है। हमारा फंडामेंटल राइट और लिबर्टी है।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, क्या आप अगली बार कंटीन्यू करेंगे?

श्री दुष्यंत सिंह (झालावाड़-बारां): सर, हम यह अगली बार कंटीन्यू करेंगे।

विशेष उल्लेख - जारी

माननीय अध्यक्ष : आप सभी एक-एक मिनट में अपनी बात सदन में रखें।

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में, जो बुंदेलखंड क्षेत्र के अंतर्गत आता है, वहां से उत्तर प्रदेश राजधानी के लिए हमारे यहां से कोई भी डायरैक्ट ट्रेन नहीं है। हमारा क्षेत्र मध्य प्रदेश का सीमावर्ती क्षेत्र है। हम लोग लंबे समय से इस बात की मांग कर रहे हैं। इंदौर से भोपाल होते हुए, खजुराहो होकर महोबा, महोबा से कबरई और बांदा होकर, मौदहा,भरुआ, सुमेरपुर और हमीरपुर से होते हुए कानपुर-लखनऊ ट्रेन की मांग बहुत लंबे समय से चल रही है। उज्जैन में महाकालेश्वर से लेकर अयोध्या तक के लिए ट्रेन की मांग लंबे समय से चल रही है। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि रेलवे ट्रेन की यह डिमांड बहुप्रतीक्षित है। …(व्यवधान) माननीय मंत्री सही कह रहे हैं कि हम लोग चाहते हैं कि ट्रेन इस कोने से उस कोने तक जाए। मेरा विशेष आग्रह है कि हमारे यहां से लोग और बेरोजगार नौजवानों को नौकरी या सरकारी काम के लिए राजधानी जाना पड़ता है। बसों से वहां जाने में बहुत समय लगता है और बहुत पैसा खर्च होता है। अगर यह ट्रेन चलेगी, तो रेलवे को फायदा होगा। मेरा मध्य प्रदेश बॉर्डर का क्षेत्र है। इससे मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ भी जुड़ जाएगी और मेरे संसदीय क्षेत्र को यह ट्रेन भी मिल जाएगी। मैं आपके माध्यम से इस ट्रेन के लिए निवेदन करता हूं।

माननीय अध्यक्ष : श्री महेश साहू – उपस्थित नहीं।

भानुप्रताप जी।

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): अध्यक्ष महोदय, हमारा लोक सभा क्षेत्र जालौन, गरौठा और भोगनीपुर बुंदेलखंड के अंतर्गत आता है। उरई में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित है जो किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ से संबद्ध है। वर्ष 2013 में यह राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हुआ था। उस समय उसमें सारी फैकल्टीज थीं। जब यह चालू किया गया, उसी समय न्यूरोलॉजी विभाग को उरई से हटा कर दूसरी जगह कर दिया गया था। उसके कारण बहुत बड़ा मेडिकल कॉलेज बनने के बाद भी वहां गरीबों का इलाज नहीं हो पाता है। वहां दुर्घटनाएं होती हैं, ब्रेन हेमरेज की शिकायतें प्राप्त होती हैं, लेकिन लोगों का इलाज नहीं हो पाता है। वहां इलाज नहीं होने के अभाव में व्यक्ति कभी कानपुर, झांसी तो कभी ग्वालियर जाते हैं और एम्स, दिल्ली में भी आकर गरीब व्यक्ति भटकते हैं। हमारे यहां के मेडिकल कॉलेज में एमर्जेंसी सर्जरी सर्विस भी नहीं की जाती है। कभी किसी का पैर टूट जाए या कुछ भी हो जाए तो उनकी सर्जरी नहीं होती है, उन्हें रेफर कर दिया जाता है। वहां हमारा बहुत बड़ा मेडिकल कॉलेज है, लेकिन वहां सारी सुविधाएं नहीं हैं। मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि हमारे यहां से न्यूरोलॉजी विभाग दूसरी जगह कर दिया गया है, वहां यह विभाग खोला जाए। इसके साथ-साथ एमर्जेंसी में वहां सर्जरी नहीं होती है, वहां इसकी व्यवस्था की जाए, जिससे गरीब लोग वहां इलाज करा सकें और उसका लाभ ले सकें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री हिबी इडन जी, उपस्थित नहीं।

(1820/IND/RC)

श्री धर्मेन्द्र कश्यप (आंवला): अध्यक्ष जी, मेरा लोक सभा क्षेत्र आंवला, जो जनपद बरेली और बदायूं में आता है, आपके माध्यम से मैं बहुत ही महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहता हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र की विधान सभा फरीदपुर में एक रेलवे लाइन है, जो दिल्ली से लखनऊ को जोड़ती है। वहां एक फाटक संख्या 352 (सी) है। फरीदपुर की आबादी लगभग एक लाख है और करीब 50 गांवों के लोग वहां से गुजरते हैं। फाटक बंद होने से दो किलोमीटर लम्बी लाइन लग जाती है और कई बार इस वजह से मरीजों की मृत्यु हो गई है। छात्रों को परेशानी होती है और लोग वहां से निकलते समय दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि फाटक संख्या 352 (सी) जो पिताम्बरपुर रेलवे फाटक है, उसके ऊपर ऊपरगामी पुल स्वीकृत करने की कृपा करें, ताकि मेरे क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल सके।

SHRI GAURAV GOGOI (KALIABOR): Sir, online platforms like, Facebook, Twitter, and WhatsApp had started with a noble intention of building communities, reaching out to long lost families and friends. Now-a-days, they are left unchecked and unmonitored. People are leaving these platforms because of the pile of abuses, insults and violent content which are heaped upon them. Women are the worst sufferers because they have been attacked viciously and no one is spared. Politicians, journalists, celebrities, sportsmen and hon. Members of Parliament as well are being attacked.

People are attacked online sometimes for their religion or sexual belief or their caste. Even though it is so violent, it inspires people to emulate it in their real lives. So seeing what is being shared on WhatsApp helps or inspires people to emulate it even though it is wrong.

So, I would request the Parliament of India to pass a law penalising online media companies if they do not remove hateful or misogynistic or violent content from their platforms within a span of 24 hours. Such a law has been passed by the Governments of France and Germany. It is our Parliament's responsibility and the Government's responsibility to protect every Indian person, especially, youth, women and minority online as well as on the streets of our country.

माननीय अध्यक्ष : श्री दुष्यंत सिंह और डॉ. निशिकांत दुबे को श्री गौरव गोगोई द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

डॉ. उमेश जी. जाधव (गुलबर्गा): महोदय, मेरे गुलबर्गा संसदीय क्षेत्र में तूर दाल और रेड ग्राम दाल का ज्यादा उत्पादन किया जाता है। यहां 300 से 400 दाल मिलें भी हैं। दालों के रेट घटने के बाद दाल इंडस्ट्री बंद हो गई है। हमारी प्रार्थना है कि दाल इंडस्ट्री को रिवाइव करने के लिए स्पेशल हब

एमएसएमई स्कीम में एग्रो बेस्ड इंडस्ट्री के तौर पर डिक्लेयर किया जाए। एपीएमसी सेस भी कम करने की जरूरत है। तमिलनाडु में लैदर इंडस्ट्री को भी एग्रो बेस्ड इंडस्ट्री बनाया जाए। भावांतर भुगतान योजना जैसे मध्य प्रदेश में शिवराज चौहान जी ने चलाई थी, वह बहुत सफल योजना हुई। उसी तरह हमारे दाल रेट के लिए भावांतर भुगतान योजना लागू करने की प्रार्थना आपके द्वारा एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री को करना चाहते हैं।

HON. SPEAKER: Shri K. Navas Kani – Not present.

DR. A. CHELLAKUMAR (KRISHNAGIRI): Sir, the Ministry of Civil Aviation in association with the Private Air Station had announced an air service from Hosur to Chennai under UDAN Scheme. But due to certain technical reasons, this plan did not materialise. I know very well that the Ministry of Civil Aviation does not invest in private air stations. But as a special case and in the interest of public, on trial basis the Ministry of Civil Aviation can invest in facilities like buying navigation aids, night landing facilities, construction of compound wall, etc. They had started this process but because of technical reasons, they could not complete the process.

Now for reaching Krishnagiri constituency, Bengaluru is the nearest station.

(1825/SNB/PC)

But though the distance is just 100 kilometres due to heavy traffic congestion, even during normal times it takes four to five hours to reach Bengaluru. So, I would like to request the hon. Minister to take positive steps to establish an airport at Hosur for both civil and cargo services.

माननीय अध्यक्ष : श्री बी. मणिक्कम टैगोर - उपस्थित नहीं।

श्री शंकर लालवानी - उपस्थित नहीं।

श्री अजय कुमार - उपस्थित नहीं।

श्री ए. राजा - उपस्थित नहीं।

श्री बी. बी. पाटील (जहीराबाद) : अध्यक्ष महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, मैं मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की कुछ शिकायतों के बारे में सदन में एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहता हूं।

मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कठिन समय का सामना कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें बिना किसी सहायक के अपने कर्तव्यों का पालन करना पड़ता है। इसके बदले में उन्हें मिलने वाला वेतन सिर्फ 6,000 रुपये प्रति माह है। यह वेतन उनके परिवारों को चलाने के लिए पर्याप्त नहीं है।

माननीय प्रधान मंत्री जी ने 'दिवाली उपहार' के रूप में वृद्धि का वादा किया था, जिसे 1 अक्टूबर, 2018 से लागू किया जाना था। हालांकि, इस तरह की वृद्धि का भुगतान श्रमिकों को नहीं किया गया है, जबकि कुछ श्रमिकों ने अपना वेतन भी प्राप्त नहीं किया है।

माननीय प्रधान मंत्री जी ने श्रमिकों के लिए 1,500 रुपये, मिनी श्रमिकों के लिए 1,250 रुपये और सहायकों के लिए 750 रुपये की वृद्धि की घोषणा की थी, लेकिन यह बजट में शामिल नहीं था। उन्हें पेंशन और स्थायी नौकरी का वादा किया गया था, लेकिन दुर्भाग्य से कुछ भी नहीं बदला।

वे श्रमिकों को लागू करने के लिए न्यूनतम मज़दूरी और पेंशन की मांग कर रहे हैं, गैर-आईसीडीएस अतिरिक्त काम पर प्रतिबंध, मिनी श्रमिकों को पूर्ण भुगतान, मिनी केन्द्रों को पूर्ण केन्द्रों में अपग्रेड करना, पदोन्नति में आयु सीमा को हटाना आदि।

महोदय, 43 वर्षों के बाद, इस योजना के साथ-साथ आंगनवाड़ी सहायकों को नियमित नहीं किया गया है। यह एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत काम करने वाले कर्मचारियों और सहायकों को स्थायी दर्जा और न्यूनतम वेतन 18,000 रुपये मिलना चाहिए।

मैं आपके माध्यम से अपने इन पॉइंट्स के बारे में मंत्री जी को बताना चाहता हूं।

धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री कृष्ण पाल सिंह उर्फ डॉ. के.पी. यादव - उपस्थित नहीं।

श्री महाबली सिंह - उपस्थित नहीं।

श्री संतोख सिंह चौधरी - उपस्थित नहीं।

श्री राजमोहन उन्नीथन - उपस्थित नहीं।

श्री सुब्रत पाठक - उपस्थित नहीं।

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा - उपस्थित नहीं।

अब सब माननीय सदस्य सिर्फ एक मिनट में अपनी बात रखेंगे।

DR. MAHENDRABHAI KALUBHAI MUNJAPARA (SURENDRANAGAR): Sir, thank you for giving me this opportunity to raise a matter during 'Zero Hour.' I would like raise a matter regarding restarting of higher education and promoting skill development and employment opportunities for De-Notified Tribes and Notified Tribes on the lines of the recommendations of the Idate Commission.

Sir, in India 800 communities are classified as DNT and NT. They were known as habitual crime tribes and tribes without any address respectively. Both these tribes and some other sub-caste of these tribes belong to the Kodi samaj, for example, the Tadapda kodi, Gedia kodi, Thako, Thakoda etc. Their social and educational conditions are not good even after 72 years of Independence.

Our beloved hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi believes in *sabka saath, sabka bikash.* He appointed a Commission under the Chairmanship of Shri Bhikhu Ramji Idate. The Commission has already submitted its report last

year to the Government of India. So, I would like to request the Minister of Social Justice and Empowerment, through you, to implement the recommendations of the Idate Commission and restart reservation for DNT and NT for progress of these tribes.

श्री अब्दुल खालेक (बारपेटा) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मुझे बोलने का मौका देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

Sir, this is regarding widening and strengthening of the existing National Highway No. 31 and conversion from two lane to four lanes on kilometre 1013.000 to kilometre 1040.300 of Nalbari to Bijni, section of national highway 31 in the State of Assam in the East-West corridor under Phase II of NHDP, contract package EW 2/AS 07.

महोदय, यह सिर्फ 27 किलोमीटर का काम है। वर्ष 2005 से यह काम चल रहा है, लेकिन अभी तक कम्प्लीट नहीं हुआ है।

(1830/KDS/RU)

ढोला सदिया का ब्रिज डा. मनमोहन सिंह जी की सरकार ने शुरू किया था और वर्तमान प्रधान मंत्री जी ने इसका उद्घाटन किया। यह बहुत अच्छी बात है। 14 साल से यह काम चल रहा है। हम चाहते हैं कि पाथसाला ब्रिज और कल्वर्ट ब्रिज जो अभी तक पूरी तरह से कम्प्लीट नहीं हुए हैं, वह 27 किलोमीटर का रास्ता जल्दी से जल्दी पूरा होना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, नैशनल हाईवे 37 ओल्ड कृष्णई गोलपाड़ा जिला एक बहुत ही इम्पॉर्टेन्ट रास्ता है, यह मेघालय भी जाता है। यह दक्षिण पार का बहुत ही महत्वपूर्ण रास्ता है, लेकिन एक साल से बेली ब्रिज जो सिर्फ 3.5 मीटर का है, ऐसे ही चल रहा है। वहां भूमि अधिग्रहण की भी प्रॉब्लम नहीं है। उसके बावजूद यह काम शुरू नहीं हुआ। हम चाहते हैं कि सरकार जल्द से जल्द यह काम करे। मैं यह भी मांग करता हूं कि हमारे स्टेट का स्टेट हाईवे नंबर 2 है, वह एग्रीकल्चरल एरिया है, उसे नैशनल हाईवे डिक्लेयर किया जाए।

SHRI RAMULU POTHUGANTI (NAGARKURNOOL): Sir, I thank you for giving me an opportunity to raise an important issue during Zero Hour regarding opening of Kendriya Vidyalayas in my Nagarkurnool Parliamentary Constitutency.

Nagarkurnool is one of the very backward regions in the country. The newly created districts, namely, Nagarkurnool, Jogulamba Gadwal and Waranparthy fall under my Nagarkurnool Parliamentary Constituency. The literacy rate of this place is very low. In this context, I am constrained to bring to the kind notice of the Union Minister for Human Resource Development that not a single Kendriya Vidyalaya School or any other educational institution has

been established there till now. As a result of this, students of this region are forced to study in private schools which are very expensive for the poor parents of this region as most of them are farmers, workers, labourers, etc. So, opening of one Kendriya Vidyalaya School in each district of Nagarkurnool, Jogulamba Gadwal and Waranparthy is the need of the hour.

Keeping in view the present position, I would, therefore, earnestly request the Union Minister for HRD that one Kendriya Vidyalaya each at the newly created districts, Nagarkurnool, Jogulamba Gadwal and Waranparthy in my Nagarkurnool Parliamentary Constituency may kindly be sanctioned in the interest of the students.

1833 बजे

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय। आप जीरो ऑवर में जितना इंट्रेस्ट लेते हैं, इतना मैंने इतने वर्षों में पहले कभी नहीं देखा। आप इसके लिए पूरे सदन की ओर से बधाई के पात्र हैं। मैं जीरो ऑवर में लगातार नोटिस दे रहा था। मेरा एक बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है, जिस पर मैं दो-तीन बार प्राइवेट मेंबर बिल भी ला चुका हूं। हम लोग बचपन से जिस विचारधारा से आए हैं, उसमें हमेशा कहते रहे:

"जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है।"

दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे। यह किसकी गलतियों के कारण हुआ, पूरे देश को पता है, मैं उस कंट्रोवर्सी में नहीं पड़ना चाहता। भारत के गृह मंत्री लगातार यह बोल रहे हैं कि धारा 370 टेम्पररी है। यह कॉंस्टीट्यूशन में लिखा हुआ है जिसको भारत के गृह मंत्री श्री अमित शाह जी लगातार बोल रहे हैं। इस देश में दो तरह के नागरिक हैं। एक कश्मीर ही है जहां दो नागरिकताएं हैं। 35ए बिना किसी संवैधानिक व्यवस्था के एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर से 370 की आड़ लेकर कश्मीर का नागरिक अलग और देश का नागरिक अलग कर दिया गया है। भारत के इतिहास में इस तरह की भी बातें होती हैं, यह अपनेआप में एक आश्चर्यजनक बात है। उसी का असर है कि आप यह समझें कि जो पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर है, पाकिस्तान ने हमारे जिस भू-भाग पर कब्जा कर रखा है, वहां 24 सीटें रिजर्वड हैं। 24 विधान सभा की सीटें रिजर्व हैं, लेकिन आपको और पूरे सदन को आश्चर्य होगा कि लोक सभा की एक भी सीट उसके ऊपर नहीं है।

(1835/MM/NKL)

ऐसा कहीं नहीं है। देश में विधान सभा क्षेत्र का रिप्रज़ेंटेटिव कोई न कोई लोक सभा का सदस्य होता है। लेकिन हमने अपनी लोक सभा में, अपने कांस्टीट्यूशन में इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं की है, इसी कारण से मेरा लगातार बिल आता रहा है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि समय आ गया है, सरकार यहां बैठी है और स्पीकर साहब स्वयं इन चीजों के बड़े जानकार हैं। आपके माध्यम से मेरा आग्रह है कि सबसे पहले 370 एक टेम्पररी धारा है, इसको हटाना चाहिए।

दूसरा, 35ए को खत्म करके देश में एक समान नागरिक व्यवस्था करनी चाहिए, क्योंकि सभी नागरिक समान हैं। पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर से आकर भी लोग जम्मू-कश्मीर में बसे हुए हैं, जिनको नागरिकता नहीं मिल रही है। पाक ऑक्यूपाइड की जो 24 सीट्स खाली हैं, उसको भरना चाहिए। हमारे संविधान में 552 तक लोक सभा के सदस्य हो सकते हैं, इसलिए सरकार डीलिमिटेशन के माध्यम से तय करे। लोक सभा की एक-दो सीट्स बढ़ानी चाहिए। इससे पूरी दुनिया को पता चलेगा कि कश्मीर हमारा था, है और रहेगा। इस पर कोई भी कम्प्रोमाइज़ भारत सरकार नहीं करेगी। जय हिन्द, जय भारत।

माननीय अध्यक्ष : श्री सुनील कुमार सिंह, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री दुष्यंत सिंह और श्री राजेन्द्र अग्रवाल को डॉ. निशिकांत दुबे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

प्रो. एस. पी. सिंह बघेल (आगरा): अध्यक्ष जी, बहुत-बहुत धन्यवाद। यद्यपि यह शून्य काल है, लेकिन हम सभी सांसद आपको शून्य काल के लिए सौ नंबर दे रहे हैं। यह बहुत अच्छी परम्परा है, जिसमें हमें मौका मिल रहा है।

महोदय, मैं आगरा की एक बहुत महत्वपूर्ण समस्या के बारे में आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहूंगा- गिरता हुआ भूजल स्तर और यमुना में पानी न होना। यह पेयजल संकट भी है, पर्यटन के लिए नुकसानदायक भी है और ताजमहल, जैसा मैंने पढ़ा है उसकी बुनियाद लकड़ी की है, जिसे नमी की आवश्यकता होती है और इसीलिए वह यमुना किनारे बनाया गया था। अब ताजमहल का किनारा पानी से दूर होता जा रहा है। ऐसा मैंने कई जगह पढ़ा है कि इससे ताजमहल को खतरा होगा। मैं यही निवेदन करना चाहूंगा कि एक बैराज बनाना बहुत जरूरी है। एक बैराज, इंटरनेशनल स्टेडियम और इंटरनेशनल एयरपोर्ट आगरा के लोगों की ये प्रमुख मांगें हैं। मैं जब बहुत छोटा था तब से बैराज की मांग हो रही है। कभी डाउन स्ट्रीम, कभी अप स्ट्रीम, कभी सर्वे और कभी डीपीआर हुआ। यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। हथिनीकुंड से ज्यादा पानी छोड़ा जाना चाहिए। यमुना का बृज से बड़ा गहरा संबंध है, कन्हैया जी से बहुत गहरा संबंध है, उनकी जल क्रीड़ाएं हुआ करती थीं। लेकिन आज यमुना में न के बराबर पानी है। पीने के लिए गंगा जल आ रहा है। अगर वहां बैराज बन जाएगा तो भूजल बढ़ जाएगा और ताजमहल को जो संभावित खतरा है, वह दूर हो जाएगा और पेयजल संकट भी दूर हो जाएगा। संयोग से आगरा के जितने ब्लॉक्स हैं, एक ब्लॉक को छोड़कर सभी ओवर एक्सप्लोइटेड ब्लॉक हो गए हैं। यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। संयोग से यहां जल शक्ति मंत्री बैठे हुए हैं। मैंने देखा है, लेकिन पढ़कर डेढ़ महीने में वह टर्म नहीं बोल सकते हैं। मैं भी उत्तर प्रदेश में अंडरग्राउण्ड वॉटर मिनिस्टर था। यह तब तक नहीं होगा, जब तक आप उस विभाग से इनवॉल्व नहीं होते हैं। मैं केन्द्र सरकार से यमुना में बैराज के लिए निवेदन करना चाहता हूं। उसी से ग्रीन आगरा, क्लीन आगरा और नवीन आगरा हो पाएगा।

माननीय अध्यक्ष : कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को प्रो. एस. पी. सिंह बघेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री रमेश चन्द्र माझी (नबरंगपुर): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

महोदय, वर्ष 2009 में विजयवाड़ा-रांची कॉरिडोर शुरू हुआ था। यह आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा से शुरू होकर ओडिशा होते हुए झारखण्ड में रांची तक गया है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र नबरंगपुर के मलकानगिरि जिले में एक ब्रिज कम्पलीट हो चुका है, लेकिन अभी तक तीन सौ किलोमीटर का रास्ता नहीं खोल पा रहे हैं। इसको एक साल हो गया है। आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के लिए भी यह रोड खुलना चाहिए। वहां की पब्लिक की बार-बार डिमांड के बाद भी यह रोड कम्पलीट नहीं हो रहा है। मेरी सरकार से दरख्वास्त है कि इस रोड को जल्दी से जल्दी कम्पलीट किया जाए ताकि वहां की पब्लिक की डिमांड फुलफिल हो पाए।

(1840/SJN/KSP)

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा) : आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं एक सांस्कृतिक विषय उठाना चाहता हूं। 'करमा प्राकृतिक प्रोजेक्ट' आदिवासियों का सबसे बड़ा पर्व और त्यौहार है। इसे झारखंड के अलावा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओड़िशा, असम, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के सभी राज्यों सहित देश के तमाम हिस्सों, जहां आदिवासी समुदाय है, वहां धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर पवित्र करम के पेड़ की डाली को काटकर पूजन स्थल पर स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है। वृक्षों के संरक्षण के प्रति आदिवासी समाज का समर्पण बेमिसाल है। प्रकृति को बरकरार रखने के प्रति इनकी निष्ठा अद्भुत है।

माननीय अध्यक्ष जी, आदिवासी भारत का एकमात्र ऐसा समुदाय है, जो प्रकृति की गोद में रहते हैं और उसकी पूजा करते हैं। पर्यावरण पर मंडराते वैश्विक संकट को मद्देनजर रखते हुए इस समुदाय के रीति-रिवाजों और पर्व-त्यौहारों का संरक्षण और संवर्धन करना आवश्यक है। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह आग्रह करना चाहूंगा कि आदिवासियों के करमा पर्व को राष्ट्रीय त्यौहारों की सूची में शामिल किया जाए और इसको राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की अधिसूचना जारी की जाए।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और डॉ. निशिकांत दुबे को श्री सुनील कुमार सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर) : अध्यक्ष जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। अध्यक्ष जी, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे मेरे क्षेत्र अम्बेडकर नगर से होकर गुजरता है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को गोरखपुर से जोड़ने के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे गोरखपुर लिंक मार्ग बनाया जा रहा है। इस लिंक मार्ग को स्थापित करने के लिए भूमि अधिग्रहण भी किया जा रहा है। मेरे क्षेत्र के भिआउ ब्लॉक के अंतर्गत नत्थूपुर खुर्द में भूमि अधिग्रहण हुआ है। वहां पर दलितों के ऐसे 11 परिवार हैं, जिनको उनकी भूमि से विस्थापित किया गया है।

मान्यवर, उसमें एक अड़चन यह पैदा हुई है कि उनको मुआवजा नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि उस भूमि के मालिक कोई और लोग हैं, जिन्होंने इन दलितों के पूर्वजों को लाकर इस भूमि पर बसाया था। पुनर्वास एक्ट के हिसाब के अगर किसी भी व्यक्ति को किसी की भूमि से हटाया जाता है, तो

उसको पहले एक जगह पर जमीन लेकर और उस जमीन पर घर बनाकर जब तक नहीं दिया जाता है, तब तक इस एक्ट का पालन नहीं होता है।

मान्यवर, मेरा आपसे यह निवेदन है कि ये 11 दलित परिवार पूरी तरह से विस्थापित हो जाएंगे और वे रोड पर आ जाएंगे। इनकी स्थिति को देखते हुए पुनर्वास एक्ट के हिसाब से इनको जमीन लेकर और उस पर आवास बनाकर दिया जाए, तभी उनकी भूमि का अधिग्रहण किया जाए। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि आप माननीय मंत्री जी को जरूर निर्देशित करें कि उनको अपने अधिकारों के अनुसार और पुनर्वास एक्ट के हिसाब से अपनी जमीन और घर मिलने का काम हो सके।

श्री भर्तृहरि महताब (कटक) : अध्यक्ष महोदय, पिछले महीने ही ओड़िशा में फैनी चक्रवात आया था। उससे काफी नुकसान भी हुआ था। The Government of Odisha has requested the Union Government to sanction at least Rs. 5 lakh for building each house affected by the cyclone from *Pradhan Mantri Awas Yojana (Grameen)* with one-time waiver of permanent wait list norm for completely or partially damaged houses in the area affected by the severe cyclone Fani. The State Government has also requested that the sharing ratio of funds between Centre and States should be 90:10 instead of 60:40 for construction of the said houses in such areas under the said scheme. यह जो कोस्टल एरिया है, उसके हिसाब से। However, there has been no response from the Government relating to this. Here I would like to mention that Odisha has been repeatedly affected by cyclones and, therefore, we have to build resilient houses. इस हिसाब से ओड़िशा सरकार की तरफ से एक प्रस्ताव आया है कि assistance for each house may be increased to Rs. 2.5 lakh in Cyclone Fani affected areas. CBRI has prepared three types of houses for cyclone-resilient houses so that they can withstand severe cyclones.

पिछले 10 वर्षों में तीन से चार बार साइक्लोन आया है। जो आईएवाई के तहत घर दिए जाते हैं, वे सारे ध्वस्त हो जाते हैं या आंशिक रूप से डैमेज्ड हो जाते हैं। अगर हम एक साथ ढाई लाख रुपये रेज़िलिएंट हाउस बनाने के लिए देंगे, तो उस हिसाब से वह गंभीर चक्रवात में रिजिस्ट कर सकता है। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह गुजारिश करना चाहता हूं।

श्री विजय बघेल (दुर्ग) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे दुर्ग लोक सभा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 6 है, जिसमें दुर्ग बाइपास रोड पर स्थित टोल प्लाजा द्वारा पिछले 19 वर्षों से दोपहिया वाहन और कृषि कार्यों में आने वाले वाहनों पर टोल राशि ली जाती है। इसके लिए अनेक बार जनआंदोलन भी हुए हैं, उनका कहना है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सन् 2000 में करार हुआ था। मगर माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी ने पिछले दिनों यह कहा था कि बीओटी के माध्यम से जो सड़कें बनेंगी, उसमें दोपहिया वाहन और कृषि कार्यों में उपयोग आने वाले वाहनों पर टोल की राशि में छूट रहेगी।

(1845/KN/KKD)

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करूँगा कि वहाँ भी दुपहिया वाहन और कृषि कार्य में आने वाले वाहनों पर छूट दी जाए। उसके लिए आदेशित करें, यह मैं माननीय सड़क मंत्री जी से निवेदन करता हूँ।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. बी.वी. सत्यवती। मैं आपको मौका दे रहा हूँ। आपको कल भी मौका दे दिया था, लेकिन आप महिला सांसद हैं, बहुत देर से इंतजार कर रही हैं।

DR. BEESETTI VENKATA SATYAVATHI (ANAKAPALLE): Hon. Speaker, Sir, I am very much thankful to you for giving me this opportunity to speak on a very important issue.

Sir, we have the Vizag Steel Plant, which is the only steel plant built on people's demands and sacrifices. *"Visakha Ukku, Andhrula Hakku"*. So many agitations took place at that time. It is the only plant of its kind, and more than one lakh people are getting employment directly or indirectly from it.

Sir, 'Vizag Steel' is the only public sector undertaking with its corporate office left for the residual Andhra Pradesh. The most backward area of my Constituency, North Andhra developed mainly due to this gigantic plant. But the problem is that 'Vizag Steel' is being operated without iron ore captive mines since its inception whereas other public sector steel plants under SAIL are having their own mines. So, due to lack of iron ore captive mines, 'Vizag Steel' is bearing a burden of around Rs. 1,000 crore per year.

So, I would request the hon. Minister of Steel, Government of India to please talk to the National Mineral Development Corporation, which is supplying iron ore to Vizag Steel Plant since its inception, to give it at a rationalised price – production cost plus profit margin – on long-term basis, at least, for 10 years or till we get our own mines.

Thank you so much, Sir.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): आदरणीय अध्यक्ष जी, आधार बहुत आवश्यक है, पादर्शिता की दृष्टि से भी और डिलिवरी की दृष्टि से भी, परन्तु मेरे संसदीय क्षेत्र के अंदर आधार के कार्ड को बनवाने में बड़ी दिक्कतें आ रही हैं। कोई छोटा-मोटा संशोधन भी करना हो, कोई जन्म तिथि बदलवानी हो, पिता का नाम बदलवाना हो तो बड़ी-बड़ी लम्बी लाइनें लग जाती हैं। प्राय: सर्वर खराब हो जाता है। इसके कारण तीन-तीन महीने तक इंतजार करना पड़ता है। मेरी आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना है कि वह ऐसी व्यवस्था करें कि आधार कार्ड को बनवाने में दिक्कत न हो, क्योंकि आधार आज सामान्य व्यक्ति के जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन गया है। मेरी आपसे यह प्रार्थना है।

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 29 जुलाई, 2019 को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1848 बजे

तत्पश्चात लोक सभा सोमवार, 29 जुलाई, 2019 / 7 श्रावण, 1941 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।